तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

पढ़ें पेज - 3 हरिभूमि लाइव



## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण प्रीमियर लीग आज डिप्टी सीएम करेंगे उद्घाटन



**बिलासपुर।** समग्र ब्राह्मण समाज संग परशु सेना के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण प्रीमियर लीग 2025 का शुभारंभ मंगलवार को होगा। उद्घाटन रात 8 बजे से एसईसीएल मुख्यालय के सामने स्थित खेल परिसर मैदान सरकंडा में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय कथा वाचक पं. युवराज पांडेय करेंगे। ब्राह्मण प्रीमियर लीग का यह प्रथम वर्ष है। इसमें शहर के विभिन्न ब्राह्मण युवा वर्ग की टीमें भाग लेंगी। आयोजन समिति ने बताया कि यह लीग न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज के युवाओं में संगठन, अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। दीप प्रज्वलन और परशुराम वंदना के साथ लीग का विधिवत शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता की इसमें शामिल 16 टीमों के नाम क्रांतिकारियों और राष्ट्रीय नायकों के नाम पर रखे गए हैं।

### मंगला में राउत नाच महोत्सव आज

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 11 नवम्बर को बिलासपुर में राउत नाच महोत्सव में शामिल होंगे। वे नई दिल्ली और गुजरात प्रवास से लौटने के बाद 11 नवम्बर को दोपहर ढाई बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल से सड़क मार्ग से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे शाम 5 बजे बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन के भव्य नाट्य अविष्कार में शामिल होंगे। वे रात सवा 8 बजे एसईसीएल मुख्यालय के सामने सरकंडा खेल मैदान में ब्राम्हण प्रीमियर लीग-2025 में शामिल होंगे।श्री साव रात 9 बजे बिलासपुर के मंगला में 27वें राउत नाच महोत्सव में शामिल होंगे। वे रात पौने 10 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात पौने 12 बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे।

### ठंड से बढ़ाई कंपकंपी, 3 डिग्री गिरा न्यूनतम पारा

**बिलासपुर।** ठंड के तेवर सख्त हो रहे हैं, सुबह हल्की ठंडी हवा चल रही है, वहीं दिन में भी हवाओं की सरसराहट लोगों की कंपकंपी छोड़ने लगी है। हालत यह है कि 2 दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री नीचे जा चुका है। पेंड्रारोड में 11.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। इस बार ठंड भी अपने सितम ढहा सकती है, नवंबर माह में शीत लहर की आशंका मंडराने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ के इलाकों में ठंड तेवर दिखा रही है।

### एसएसपी से मिले सीयू के छात्र

**बिलासपुर।** एबीवीपी के बैनर तले गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र सोमवार को एसएसपी रजनेश सिंह से मिले। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलान अंसारी के मौत मामले में शीघ्र गुत्थी सुलझाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। एबीवीपी यूनिवर्सिटी इकाई मंत्री प्रसून पाठक ने बताया कि यह प्रकरण लंबित है और अब तक इस मामले की जांच में क्या प्रोग्रेस है यह पता नहीं चल पाया है। इस पर एसएसपी ने तत्काल मामले की जानकारी सीएसपी कोतवाली एवं कोनी थाना से लेकर बताया कि दोनों सिम कार्ड प्राप्त हो चुके हैं, किन्तु कॉलिंग सिम का डेटा करप्ट हो गया है जिसे रिकवर करने का प्रयास जारी है। एसएसपी श्री सिंह ने मामले की प्रगति रिपोर्ट एवं सूक्ष्म जांच के लिए सीएसपी को आवश्यक निर्देश प्रदान किए है। छात्रों ने मांग की है कि जांच को पारदर्शी ढंग से शीघ्र पूरा किया जाए ताकि छात्रों के मन में उठ रहे संदेहों का समाधान हो सके।

# क्रिश्चियन बोर्ड की याचिका खारिज, मिशन अस्पताल की 12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण हाईकोर्ट ने सही ठहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन अस्पताल के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट की डबल बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) की ओर से दायर की गई है याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने शासन द्वारा किए जा रहे अधिग्रहण और तोड़फोड़ की कार्रवाई को सही माना है। दरअसल सीडब्ल्यूबीएम की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया था कि प्रशासन ने 12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण गलत तरीके से किया है। तोड़फोड़ भी नियमों के खिलाफ की गई है। शासन की ओर से पूरी कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ताओं को याचिका दायर करने का ही अधिकार नहीं है। शासन की ओर से कहा गया कि प्रस्तुत की गई पॉवर ऑफ अटॉर्नी किसी अन्य संस्था से संबंधित है।

गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। मिशन अस्पताल को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायालय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

सुनवाई के दौरान एडवोकेट जनरल ने दो दिनों की लगातार बहस में कोर्ट को यह साबित किया कि नितिन लॉरेंस हर याचिका में अपना पद बदल रहे थे और विभिन्न संस्थाओं की पॉवर ऑफ अटॉर्नी प्रस्तुत कर रहे थे। यह गलत और गुमराह करने वाला है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने लारेंस की याचिका को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ डीबी में अपील की गई है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सोमवार को हाईकोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराते हुए क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स की याचिका खारिज कर दी है।

**खास बातें**

- सिंगल बेंच पहले ही खारिज कर चुका है सीडब्ल्यूबीएम की याचिका को
- सरकार ने डीबी में याचिककर्ताओं की पावर आफ अटार्नी को गलत बताया



### अमेरिका निवासी ने 1981 में खरीदी थी जमीन

डिसाइपल्स चर्च के प्रतिनिधियों द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि 1891 के मिसल अधिकार के रिकार्ड बताते हैं कि 1925 तक यह जमीन चर्च के नाम पर थी। इसके बाद यह जमीन शासन के नाम पर कैसे आई, इस पर सवाल है। याचिका में कलेक्टर के आदेश और प्रशासन की अधिग्रहण की कार्रवाई को गलत बताते हुए निरस्त करने की मांग की गई है। सिविल लाइन निवासी सुबोध मार्टिन, अतुल अनुराग की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि डिसाईपल क्रिश्चियन लोगों के लाभ के लिए करीब 9 लाख वर्गफीट जमीन 19 नवंबर 1981 को अमेरिका निवासी इराबेला द्वारा वजीर खान से खरीदी गई थी। यह जमीन 1925 में नजूल मिशन में भी क्रिश्चियन मिशन ऑफ डिसाईपल ऑफ ख्राईस्ट संस्था, बिलासपुर के नाम पर स्थायी भूमि स्वामी के हैसियत से दर्ज है। इसके बाद लेकिन यह जमीन शासन के खाते में दर्ज हो गई।

### जिला प्रशासन ने लीज कर दिया निरस्त

दरअसल मिशन अस्पताल परिसर की जमीन क्रिश्चियन वुमन बोर्ड को आबंटित की गई थी। इस जमीन पर मिशन अस्पताल खोला गया। बाद में इस अस्पताल परिसर की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए उसे किराए पर दे दिया गया। जिला प्रशासन ने लीज निरस्त होने के बाद मिशन अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। कलेक्टर के इस आदेश के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन ने कमिश्नर के समक्ष अपील की, जिस पर तत्कालीन कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने स्टे दे दिया था, जिसके बाद राज्य शासन ने उन्हें हटा दिया था। कमिश्नर कोर्ट ने बाद में लीज समाप्त होने पर भूमि के अधिग्रहण को सही ठहराया था।

### 1891 से जुड़े दस्तावेज़ों के आधार याचिका

हाईकोर्ट की डीबी के फैसले के बाद अब शासन के सामने केवल बिलासपुर न्यायालय में लंबित याचिका ही बची है, जो 1891 से जुड़े दस्तावेज़ों के आधार पर डिसाईपल संस्थान द्वारा दायर की गई है। यह संस्थान क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) के वैध मालिकाना हक का दावा करता है। इस याचिका की सुनवाई 13 नवंबर को निर्धारित है। ध्यान रहे कि मिशन अस्पताल की 12 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक का दावा करते हुए याचिका सिविल कोर्ट में भी दायर की गई है।

70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा नदी में जा रहा

# समय पर नहीं बन सके दो एसटीपी, अरपा हो रही प्रदूषित, ठेकेदार पर सवा दो करोड़ की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बह रहा है। इसके साथ ही सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी ट्रीटमेंट के बाद दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित किया जाता है। कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। इससे लगातार अरपा में प्रदूषण बढ़ रहा है। निगम ने इसे रोकने के लिए 8 जगहों पर एसटीपी बना रहा है। इसमें मंगला में 10 और 6 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी का काम तय समय के बाद भी पूरा नहीं हो सका है और एक तरह से बंद पड़ा है। लापरवाही पर निगम की ओर से ठेका कंपनी श्रद्धा कंस्ट्रक्शन पर सवा दो करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा में कचरा, मलबे की डंपिंग

दरअसल शहर से प्रतिदिन 70 से अधिक नालों के जरिए लगभग 135 एमएलडी गंदा पानी सीधे अरपा नदी में छोड़ा जा रहा है। इस गंदे पानी को रोकने और साफ करने के लिए नगर निगम ने छह स्थानों पर एसटीपी स्थापित करने की योजना बनाई थी, लेकिन अधूरे काम के कारण फिलहाल इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। निगम के मुताबिक मंगला में निर्माणाधीन दोनों एसटीपी का काम पूरा करने के लिए ठेका कंपनी को दिसंबर तक की मोहलत दी गई है। निगम के मुताबिक मंगला में 10 एमएलडी का काम 75 प्रतिशत, मंगला में 6 एमएलडी का काम 90 प्रतिशत और कोनी में 2 एमएलडी एसटीपी का काम अंतिम चरणों में है। इसके साथ ही पचरीघाट में 1 एमएलडी का काम अभी शुरू ही हुआ है।



मंगला व पचरीघाट में बन रहा एसटीपी।

### सभी एसटीपी मार्च 2026 तक बनने का दावा

दरअसल निगम की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक ही अरपा में 110 एमएलडी गंदा पानी ग्यारह बड़े नालों के जरिए पहुंचता है। असल में अरपा के किनारे जहां जहां आबादी है वहीं अधिक समस्या है। मंगला से दोमुहानी तक 10.50 किलोमीटर की लंबाई में नदी के दोनों ओर से रिहायशी क्षेत्रों का गंदा पानी लगातार पहुंचता है। ध्यान रहे कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद राज्य में एसटीपी बनने के काम में तेजी तो आई है लेकिन गंभीरता नहीं है। अब निगम द्वारा दावा किया जा रहा है कि यह सभी एसटीपी मार्च 2026 तक बनकर तैयार हो जाएंगे।

### काम पूरा करने चेतावनी

निर्माण कार्य में देरी पर ठेका कंपनी श्रद्धा कंस्ट्रक्शन पर 2.22 करोड़ की पेनल्टी लगाई गई है। साथ ही जल्द काम पूरा करने की चेतावनी भी दी गई है।

**- राजकुमार मिश्रा**
चीफ इंजीनियर, नगर निगम

### 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में

नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। कचरे की डंपिंग लगातार हो रही है। सफाई विभाग और अब आम लोग भी इसमें पीछे नहीं हैं। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी और जलकुंभियों का मैदान नजर आता है। जानकारों के अनुसार कचरे, मलबे की डंपिंग तत्काल बंद होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए अरपा के दो किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराया जाए।

# खराब सड़कों पर जवाब पेश नहीं कर सका शासन

### हाईकोर्ट ने एक हजार का कास्ट लगाया

- सड़क की बदहाली पर मांगा जवाब



**बिलासपुर।** शहर और आसपास की खराब सड़कों के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन को शपथ पत्र पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने शासन पर एक हजार रुपए का कास्ट भी लगाया है और दिसंबर के पहले सप्ताह में सुनवाई रखी है। साथ ही हाईकोर्ट ने शासन के जवाब पेश करने कहा है। इसमें संबंधित सड़क से संबंधित चल रहे कार्य की स्थिति और प्रगति पर एक व्यापक और विस्तृत ताजी जानकारी देनी होगी। खास तौर पर रतनपुर केंदा मार्ग की बदहाली के बारे में जवाब मांगा गया है।

प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में मंगलवार को सुनवाई के दौरान शासन ने कोर्ट में जवाब प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया कि रतनपुर-सेंदरी रोड का काम लगभग पूरा हो गया है। रायपुर रोड की सड़क 70 प्रतिशत बना ली गई है। इसे अगले 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की तरफ से भी सड़कों के जल्द पूरे होने की बात कही गई।

### तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव बेलतरा में फुट ओवरब्रिज

सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, मलनाडीह और बेलतरा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहले की अनुमानित लागत 17.95 करोड़ थी, जो अब घटकर 11.38 करोड़ हो गई है। निर्माण स्थल की संयुक्त जांच हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर की पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल में स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई।

### बार-बार दिए जा रहे शपथ पत्रों से उद्देश्य पूरे नहीं

बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे एनएच 90 की बदहाली को लेकर कोर्ट ने पूछा कि बिलासपुर- रायपुर नेशनल हाईवे की सड़क कब तक सुधरेगी। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाना और लोक निर्माण विभाग का मौन रहना चिंताजनक है। हाईकोर्ट ने कहा कि बार-बार दिए जा रहे शपथ पत्रों से उद्देश्य पूरे नहीं हो रहे हैं। रतनपुर केंदा मार्ग की बदहाली के मामले में हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी सेकेट्ररी को शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा है। इसी तरह रायपुर बिलासपुर मुख्य सड़क पर पावर प्लांटों की राख फैलने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिव से जवाब मांगा।



मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत नेवारी के प्राथमिक स्कूल का मामला

# शराब पीकर लड़खड़ाते स्कूल पहुंचा प्रधान पाठक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी विकासखंड के शिक्षा तंत्र में अनुशासन और जिम्मेदारी की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। ताजा मामला धनगंवा संकुल के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारी का है, जहां शासकीय पूर्व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी शराब के नशे में विद्यालय पहुंचा। प्रधानपाठक तिवारी शराब के नशे में इतने अधिक मदहोश था कि वह ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहा था। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मासूम स्कूली बच्चे उन्हें उठाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि शिक्षक लड़खड़ाते हुए गिर पड़ता है। प्रारंभिक जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने हितेंद्र कुमार तिवारी को सस्पेंड कर दिया है। प्रधान पाठक का मुख्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी में रहेगा।

- सुशासन शिविर के दौरान भी गांववालों ने इसी शिक्षक के खिलाफ शिकायत की थी

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानपाठक हितेंद्र तिवारी के खिलाफ कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो संकुल समन्वयक ने ध्यान दिया और न ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कोई सख्त कदम उठाया। बताया गया कि सुशासन शिविर के दौरान भी गांववालों ने इस शिक्षक के शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत की थी, फिर भी अधिकारी मौन बने रहे। वीडियो वायरल होने के बाद जब ग्राम पंचायत नेवारी के सरपंच प्रतिनिधि पिंटू सिंह को इस घटना की जानकारी मिली, तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से चर्चा के बाद उन्होंने मस्तूरी स्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शिवराम टंडन से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपी। ग्रामीणों ने बीईओ से मांग की है कि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाए और विभागीय जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

झटका लगने से कूद गया था मृतक, रेलवे को कोई सूचना नहीं

# रेल हादसा : एक और मौत, मामला संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मालगाड़ी से कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू की टक्कर में अब तक मृतक यात्रियों की संख्या 11 थी। वहीं सिम्स में उपचार करा रहे एक और यात्री की मौत हो गई है, जिसके परिजन मेमू में सफर करने के साथ झटका लगने से कूदने और खंभे की टक्कर से मौत होने की बात कह रहे हैं। इस मामले को पुलिस और रेल प्रशासन ने संदिग्ध मानकर जांच शुरु कर दी है।



मृतक

4 नवंबर को गतौरा से बिलासपुर आ रही कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू की अप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से टक्कर हो गई थी। हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज सहित 19 यात्री मिलाकर करीब 20 यात्री घायल हो गए। मृत यात्रियों को रेल प्रशासन ने पहले 10 लाख रुपए और राज्य शासन ने 5 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख रुपए, चोटग्रस्त यात्रियों को 1 लाख रुपए देने की घोषणा तत्काल की गई। रेल प्रशासन ने मृतकों और घायल यात्रियों को 10 लाख और 5 लाख रुपए के चेक देने के साथ उनके उपचार के सारे खर्च वहन किया है। 11 मृतक यात्रियों की सूची अब तक रेलवे और राज्य शासन के पास थी। वहीं सोमवार को सिम्स में उपचार करा रहे एक मरीज की मौत हो गई, जिसकी मौत को संदिग्ध माना जा रहा है।

### अब तक पुष्टि नहीं

सुबह एक व्यक्ति पवन गढ़ेवाल को उनके परिचत ने सिम्स अस्पताल में लाया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक के साथियों ने यह दावा किया है कि पवन गढ़ेवाल भी 4 नवंबर को थाना तोरवा क्षेत्र में घटित रेल हादसे में घायल हुआ था। स्पष्ट किया जाता है कि अब तक यह पुष्टि नहीं हुई कि मृतक वास्तव में उसी रेल दुर्घटना में घायल व्यक्तियों में शामिल था या नहीं। पुलिस संबंधित तथ्यों एवं दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है।

**- गगन कुमार**
नगर पुलिस अधीक्षक, सिटी

### सुरक्षा के घेरे में चल रहा एएलपी का उपचार

मालगाड़ी से कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू का परिचालन कर रही घायल महिला असिस्टेंट लोको पायलट का उपचार अपोलो में चल रहा है, जिसके लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था रेल प्रशासन ने की है। गतौरा से बिलासपुर आ रही कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू में चालक विद्यासागर के साथ महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज भी इंजन में मौजूद थी। मालगाड़ी की टक्कर से लोकल के चालक की मौके पर मौत हो गई, वहीं महिला सहायक चालक रश्मि राज गंभीर रूप से घायल हो गई है। महिला सहायक चालक का उपचार अपोलो अस्पताल में चल रहा है। दूसरी ओर मामले की जांच कर रही बिलासपुर डिवीजन के अफसरों की टीम के अलावा कोलकाता दक्षिण पूर्व सर्किल से बिलासपुर पहुंचे सीआरएस बीके मिश्रा कई बार अपोलो अस्पताल जाकर महिला को देख चुके हैं, ताकि उसका बयान लिया जा सके। महिला की हालत इतनी गंभीर स्थिति में है कि वह किसी से बात नहीं कर पा रही है। रेलवे के अनुसार हास्पिटल में उपचार करा रही महिला सहायक चालक के पास राजनीतिक नेताओं के अलावा यूनियन के भी कई पदाधिकारी पहुंच रहे हैं। महिला का बयान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उसपर बयान बदलने का दबाव भी बनाया जा सकता है। इसे देखते हुए अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी अपरिचित व्यक्ति उस तक न पहुंच सके।

# दिल्ली में बम ब्लास्ट से शहर में अलर्ट, जांच

**बिलासपुर।** दिल्ली में खड़ी कार में धमाका होने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है, यहां भीड़भाड़ वाले इलाके, होटल, लाज, धर्मशाला, ढाबों में संदिग्धों की जांच की जा रही है।

सोमवार की शाम दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी कार में धमाका को देखते हुए शहर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। आनन फानन में पुलिस के उच्च अधिकारी, थानेदार अलग अलग टीम बनाकर भीड़ वाले इलाके हाईकोर्ट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मार्केट सहित अन्य जगहों पर संदिग्धों की जांच कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा शहर व आउंटर में संचालित होटल, लाज, धर्मशाला में दबिश देकर बाहर से आकर रुकने वालों की जानकारी लेने के बाद उनके व सामानों की तलाशी ली गई। देर रात तक शहर के बाहर ढाबों में संदिग्ध लोगों को पकड़कर पूछताछ कर जांच की जाती रही है। पुलिस की ताबड़तोड़ जांच से शहर में हड़कंप मचा हुआ था।





।। जय परशुराम ।।
ज्ञानं चापशराभ्यां च, परशुं करयोर्दधत् । आगच्छन्तु कृपामूर्तः, परशुरामस्य दर्शने ॥
।। जय जय परशुराम ।।
मुख्य अतिथि
मान. अरूण साव जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
ब्राह्मण प्रीमियर लीग 2025
अध्यक्षता
मान. युवराज पांडेय जी
राष्ट्रीय कथा वाचक
उद्घाटन समारोह
दिनांक : 11 नवम्बर 2025, मंगलवार
समय : रात्रि 08:00 बजे से
स्थान : खेल परिसर मैदान (SECL मुख्यालय के सामने)
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
विशिष्ट अतिथि
मान. सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा
विशिष्ट अतिथि
मान. अटल श्रीवास्तव जी
विधायक कोटा
विशिष्ट अतिथि
Presented By
DCT Real Estate Developers
Bilaspur (C.G.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
संस्कृति, संस्कार और समर्पण के महा संगम
ब्राह्मण प्रीमियर लीग
में आप सभी का
अभिनंदन है...
प्रथम वर्ष
Team Owner
GOKHALE GLADIATORS
BHAGAT BULLS
TILAK TIGERS
BISMIL BRAVES
BAJIRAO BLASTERS
AZAD XI
BOSE BRIGADE
CHITTARANJAN CHARGERS
MALVIYA MASTERS
MANGAL PANDEY MAVERICKS
HAR DAYAL HAWKS
RAJGURU RHINOS
RAGHUNATH RANGERS
SAVARKAR SQUAD
TATYA TITANS
VALLABH'S VULTURES
पं.चंद्रचूड़ त्रिपाणी
डॉ.रजनीश पांडेय
पं.बबला मिश्रा
पं.योगेश मिश्रा
पं.नरेश शुक्ला
पं. संतोष गर्ग
पं. अंकित मिश्रा
डॉ.अखिलेश देवरस
पं.अभिनव तिवारी
पं.रिंकू त्रिपाणी
पं.ऋषभ शर्मा
पं.अभिजीत तिवारी
पं.सत्य शिव तिवारी
पं.प्रियांक तिवारी
पं.अजीत पांडेय
पं. अमित दुबे
आयोजक :- समग्र ब्राह्मण समाज संग परशु सेना
J.J.Ad

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## सत्संग में सत्यार्थ प्रकाश का पठन आर्य समाज का आयोजन



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग में सत्यार्थ प्रकाश के पठन-पाठन में आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 37 सौ पुस्तकों को पढ़कर के सत्यार्थ प्रकाश को लिखा है। जिसमें सत्य असत्य को उजागर करने का प्रयास किया है। श्री शास्त्री ने बताया कि सत्यार्थ प्रकाश में 14 समुल्लास है। जिसमें प्रथम समुल्लास में ईश्वर विषय को पढ़ाते हुए उन्होंने समझाया कि ईश्वर का मुख्य और निज नाम ओम् है बाकी सब गौणिक नाम है। प्रथम समुल्लास में स्वामीजी ने ईश्वर के लगभग 100 नामों की व्याख्या की है और बताया है कि यह तो केवल सागर में से गागर भरना है। ऐसे वेदों में ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव के अनुसार असंख्य नाम है, लेकिन ईश्वर एक ही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ईश्वर एक है। जिसका मुख्य और निज नाम ओम् है, परंतु ईश्वर के गुण, कर्म और स्वभाव के अनुसार असंख्य नाम है। उसी एक ईश्वर के ओम् की व्याख्या सत्य शास्त्र जैसे दर्शन, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ, स्मृति में है और एक ईश्वर की उपासना का निर्देश दिया है। जब तक हम उसी एक ईश्वर, एक वेद, एक वैदिक धर्म को मानते रहे, तब तक हम सुखी और धर्मपथ पर चलने वाले चरित्र में सबसे अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि यदि एक होना है तो सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें। सत्य, असत्य को जानें। विचार पूर्वक सत्य का ग्रहण और असत्य का त्याग कर एक ईश्वर, एक वैदिक सिद्धांत, एक वेद को धर्म ग्रंथ मानकर श्रेष्ठ बनकर हम संपूर्ण विश्व में सुख स्थापित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर के आर्य समाज वसुंधरा बिहार में हर सप्ताह रविवार को हवन के बाद सत्यार्थ प्रकाश का पठन-पाठन होता है ताकि लोगों को सत्य-असत्य का ज्ञान हो सके ।

# पुस्तक मेले में साहित्य, धर्म व इतिहास से युवा हो रहे रूबरू

कंपनी गार्डन स्थित राघवेन्द्र राव सभा भवन में राष्ट्रीय पुस्तक मेला आयोजित किया गया है,यह पुस्तक मेला 16 नबंबर तक चलेगा। आधुनिकता के इस युग में आज का युवा अपने इतिहास, संस्कार, धर्म व साहित्य से पुस्तक मेला में रुबरु हो रहे है। यहां प्रतिदिन विद्यार्थी और साहित्य प्रेमी आकर अपने पसंदीदा लेखक की पुस्तक देख व खरीद रहे है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डिजिटल युग में पुस्तक को भी दोस्त बनाना ऐसे आयोजनों से ही संभव हो पाता है। मोबाइल के इस डिजिटल दौर में जहां स्क्रीन पर हर चीज उपलब्ध है, किताबों की खरीदारी आज भी अपनी खास जगह बनाए हुए है, लोग न केवल ज्ञान और मनोरंजन के लिए किताबें खरीद रहे हैं। बल्कि मुद्रित पन्नों की सादगी और गहराई को भी संजो रहे हैं। तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बावजूद, किताबों का आकर्षण और उनका सांस्कृतिक महत्व अब भी कायम है। आयोजक परवेज़ शकीलुद्दीन ने बताया की मेला में हर वर्ग के लिए पुस्तकों को विशाल संग्रह उपलब्ध है, जिसमें 25 हजार से अधिक पुस्तक उपलब्ध है। जिसमें धार्मिक, इतिहास, साहित्यिक, कला व बच्चों के लिए कहानियों की भी पुस्तक को भी बढे उत्साह से ले रहे है। देश की उच्च स्तर की साहित्यिक कृतियों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। यहाँ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्राचीन काल से ही पुस्तकें समाज को सही दिशा दिखाने और मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उसी धरोहर को आगे बढ़ाते हुए इस मेले में देश के प्रतिष्ठित प्रकाशनों की पुस्तकों का विशेष संकलन देखने को मिल रहा है।

### 25 हजार से अधिक पुस्तकों का विशाल संग्रह



### विभिन्न प्रकाशकों की किताबे मिल रही

मेले में जायको पब्लिशिंग हाउस, राजस्थान एंड संस, सस्ता साहित्य मंडल, मंजुल प्रकाशन, स्वराज प्रकाशन, बी.आर. पब्लिकेशन, बाणी प्रकाशन, पेंगुइन पब्लिकेशन, डायमंड पॉकेट बुक्स, ठाकुर प्रसाद एंड संस आदि कई प्रसिद्ध प्रकाशक अपनी पुस्तकों के साथ उपस्थित हैं। धार्मिक, साहित्यिक, स्व–सहायता, स्वास्थ्य, प्रेरणादायी तथा बच्चों के लिए विशेष पुस्तकों का भी अच्छा संग्रह उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों की कृतियों का भी विशेष कलेक्शन रखा गया है, जिसमें भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल की रचनाएँ विशेष रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गोदान, रश्मिरथी, संस्कृत के चार अध्याय, कितने गाज़ी आए कितने गाज़ी गए, पचपन खंभे लाल दीवारें, तथा हैरी पॉटर सेट जैसी लोकप्रिय पुस्तकों की मांग भी देखते ही बन रही है।

### पुस्तक का पढ़ा ज्ञान हमेशा रहता

पुस्तक मेले में पहुंचे छात्र आयूष खंडेलवाल ने बताया की डिजीटल युग में भले ही एक क्लिक पर तमाम ईबुक उपलब्ध है,मगर जो लाभ फीजिकल बुक को पढने से मिलता है, वह किसी में नहीं मिलता। स्क्रीन में लंबे समय तक टिके रहने में भी कई तरह की समस्याएं आती है। पुस्तक को एक बार पढ़ने से लंबे समय तक स्मरण में रहता है।

### एक स्थान पर हर पुस्तके मिल रही

छात्रा रोशनी साहू ने बताया की यूं तो दुकानों में किताबें मिलती है,मगर यह संभव कम हो पाता है की एक ही जगह में सभी विषयों को देखकर ले सके। यह सिर्फ मेला में ही अवसर मिलता है,यहां पर विभिन्न विषयों की पुस्तकों को खरीद पा रहे है।

आयोजन

## महिलाओं ने किया सामूहिक ललिता सहस्त्र नाम का पाठ



**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति बिलासपुर ने श्री दर्शन मुनि उदासीन आश्रम छठ घाट में आनंदमय वातावरण में वन भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें महिलाओं, बच्चों सहित समाज के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। महिलाओं ने सामूहिक ललिता सहस्त्र नाम का पाठ किया। समिति के कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना ने बताया कि समाज के अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव एवं सचिव जे जगन पटनायक के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ समाज की महिलाओं द्वारा सामूहिक कार्तिक पुराण, ललिता सहस्त्र नाम पाठ एवं गोविंद नामम पूजन से किया गया। सुहागिन महिलाओं को फलदान श्रीमती बी लक्ष्मी पति बी मोहन राव ने आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया। पूजा अनुष्ठान के बाद विवाहित-अविवाहित महिलाएं, बच्चों एवं पुरुषों के लिए खेलकूद स्पर्धा रखी गई। कुछ मनोरंजक कार्यक्रम भी किया गया। कटे हुए कूपन द्वारा लकी ड्रा एवं 17 वर्ष से कम बच्चों में कूपन वितरण किया गया। सभी को बिना प्याज, लहसुन का सात्विक भोजन करवाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, महिलाओं का सहयोग रहा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय अंग्रेजी तात्कालिक भाषण स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में पाठ्येत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत अंतर सदनीय अंग्रेजी तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता तथा बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अंतर सदनीय अंग्रेजी तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्रुप इ से प्रथम स्थान पर गंगा सदन के अमन सैल, ब्रह्मपुत्र सदन से हृदयदर्शिनी द्वितीय तथा कावेरी सदन से सक्षम पांडे तृतीय स्थान पर रहे। वहीं ग्रुप एफ से ब्रह्मपुत्र सदन की सौम्या मिश्रा प्रथम स्थान पर रही,गंगा सदन से विवान मिश्रा दूसरे स्थान पर रहे और नर्मदा सदन की वान्या खन्ना तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायको की भूमिका माया शर्मा, सौम्या त्रिवेदी और रिचा मेहरोत्रा ने निभाई। समय प्रबंधन भाग्यलक्ष्मी और सुषमा मोहंती ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुरेखा तिवारी रही।



**बिलासपुर।** शिव वरदानी भवन सरकण्डा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भगवत गीता कथा के अंतिम सातवें दिन का शुभारंभ ओम ध्वनि और दीप प्रज्व्लन से हुआ। अतिथियों एवं आध्यात्मिक प्रवक्ता भारती दीदी ने दिव्य विषय "राजयोग से अष्ट शक्तियों की प्राप्ति" पर अपने विचार साझा किए और बताया कि जैसा अन्न, वैसा मन, इसलिए सात्विक भोजन केवल शरीर का ही नहीं, आत्मा का भी पोषण करता है। सच्ची पूजा वही है जहां मन, वाणी और कर्म सब शुद्ध हो।

दीदीजी ने कहा कि राजयोग वह दिव्य विद्या है, जिससे आत्मा अपने स्वरूप को पहचान कर मन, बुद्धि और संस्कारों पर राज करने लगती है। जब आत्मा परमपिता परमात्मा से योग लगाती है तो उसमें अष्ट शक्तियां जागृत हो जाती है। इसमें सहन करने, सामना करने, निर्णय लेने, परखने, सहयोग करने की शक्ति, विवेक शक्ति, अनुकरण शक्ति और समर्पण शक्ति शामिल है। इन्हीं शक्तियों से जीवन में स्थिरता, संयम और सच्ची खुशी प्राप्त होती है। सभी अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में आध्यात्मिक जागृति आती हैं और मनुष्यों को सच्चे जीवन मूल्यों की याद दिलाता है।



# सात्विक भोजन करता है आत्मा का पोषण



शिव वरदानी भवन में श्रीमद् भगवत गीता का समापन

### पवित्र जीवन जीने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, नफरत छोड़ने की भावना के साथ हवन किया गया। उपस्थित सभी आत्माओं ने अपने मन के विकारों को कागज पर लिखकर दिया। जिसे अग्नि हवन में स्वाहा कर पवित्र जीवन जीने का संकल्प लिया गया। हवन स्थल पर 11 युगल जोड़े बैठे थे। वातावरण पूर्णतः शांति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहा। कथावाचक ब्र.कु. भारती दीदी ने मंच पर उपस्थित 50 ब्रह्माकुमारी, कुमार सहित हजारों श्रोताओं, श्रद्धालुओं को अपने अवगुणों को छोड़ने, सद्गुणों को धारण करने तथा स्वयं का परिवर्तन कर विश्व परिवर्तन की दिशा में आगे कदम बढ़ाने का संकल्प कराया।

### संध्या आरती में इन्होंने लिया भाग

संध्या आरती में मुख्य अतिथि के रूप में आसमा सिटी होम से रोटरी क्लब ऑफ क्रॉउन की अध्यक्ष नीरू विस्ट, फॉरेस्ट विभाग की रेंजर शांता बहन, क्षेत्रीय संचालिका तालापारा रमा दीदी, सरकण्डा सेंटर प्रभारी मधु दीदी, माऊंट आबू राजस्थान के शांतिवन गॉडली वुड स्टूडियों की कंचन बहन शामिल रही।

उर्दू दिवस

## अल्लामा इकबाल के जन्मदिन पर बज़्म ए अदब का आयोजन




**बिलासपुर।** बुजुर्गों के साए में उनकी दुआओं से एक कोशिश युवा पीढ़ी को आगे लाने की और अदब ओ एहतराम की महफ़िल बज़्म ए अदब से रूबरू करने की। बज़्म ए अदब कमेटी की ओर से यह प्रोग्राम 20- 25 साल बाद कल अपनी पूरी शिद्दत के साथ गंगा जमुना तहज़ीब की याद ताज़ा करता हुआ अपने मंज़िल पर जाकर ही ठहरा। विश्व उर्दू दिवस पर बज़्म ए अदब ने वर्षों बाद यह आयोजन नई पीढ़ी को लेकर प्रोग्राम एक संदेश देता हुआ कि बज़्म ए अदब भूली बिसरी यादों के झरोखों से झांकता हुए यह क़यास लगाता हुआ। नए आयाम के साथ आगाज़ की शुरुआत किस तरह और कौन लोग हैं जो मुझे संवारने सहेजने की एक चाहत रखते हैं, मुझे 50-60 के दशक से 20-25 साल के लंबे अंतराल के बाद इंतेज़ार की घड़ियां ख़त्म हुई। उर्दू विश्व दिवस के मौके पर बज़्म ए अदब की सांस्कृतिक और साहित्यिक शमा की रौशनी छत्तीसगढ़ में अपनी चमक दमक कायम रखते हुए एक रूहानी महफिल के साथ अपने पूरे हौसलों के साथ उड़ान भरता हुआ एक संदेश दे गया कि हिंदुस्तान की गंगा जमुना की तहज़ीब आज भी लोगों के दिलों में दायम क़ायम है और ताज़िन्दगी रहेगी। इस शमा की महफ़िल में मौजूद सभी शायर, कवि अपनी ग़ज़लें और कविताएं इस मंच से साझा कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

स्पोर्ट्स न्यूज



## बास्केटबॉल में हुए रोचक मैच

दिल्ली पब्लिक स्कूल में बॉस्केटबाल का आयोजन हुआ। जिसमें गंगा सदन प्रथम, ब्रह्मपुत्र सदन द्वितीय तथा नर्मदा सदन को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा; वहीं बालिकाओं ने भारी उलट फिर करते हुए नर्मदा संदन प्रथम, कावेरी सदन द्वितीय तथा गंगा सदन को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। रैफरी की भूमिका निरूपा बिस्वास और रॉबिंसन जॉन ने निभाई। टेबल स्कोर और समय प्रबंधन मैडम अनुपम वर्मा और राज नारायण श्रीमोर ने संभाला ओवरऑल कोऑर्डिनेटर मनोज कश्यप रहे। प्रतियोगिताओं के अंत में संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह महोदय ने सभी प्रतिभागियों के प्रशंसा करते हुए उनके सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया।

# बैडमिंटन स्पर्धा के लिए एलसीआईटी कालेज की टीम घोषित

एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की इंटर कालेज बैडमिंटन महिला-पुरुष प्रतियोगिता के लिए टीम का ग़ठन किया गया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 22 नवंबर तक चौकसे महाविद्यालय की मेजबानी में आयोजित होगा। उसी प्रकार महिला वर्ग का बैडमिंटन प्रतियोगिता 19 नवंबर को सीएमडी महाविद्यालय की मेजाबनी में इंडोर बैडमिंटन हॉल मे आयोजित किया जाएगा। इंटर कालेज बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ अर्चना शुक्ला ने शुभकामनाएं दी। टीम पुरुष वर्ग में विभेद्र प्रताप सिंह , वैभव पाण्डेय, जतिन वधवानी, राजीव वधवानी, व रोहित पंडित टीम मे शामिल है उसी प्रकार महिला वर्ग में दृशिका, पूनम साहू, ई. श्रुति, अवनि गुरनानी, श्रेया सिंह व कविता पटेल टीम मे शामिल है।



# 258 खिलाड़ी की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता उड़ीसा के सुंदरगढ़ एवं राउलकेला में आयोजित की जा रही है। एथलेटिक्स कबड्डी खोखो वेडलिफ्टिंग योग, कुश्ती, वाली बाल, शतरंज, बॉक्सिंग एवं बैडमिंटन का 7 कोचिंग कैम्प आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया। 258 खिलाड़ी की टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री लहरे ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे प्रदर्शन की कामना की।



इस अवसर पर निवर्तमान क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा, प्रशिक्षण पर्यवेक्षक वीजी जय किशन, वरिष्ठ कोच यूके चेलकर, रामदेव बोले, मोहन थापा, शशि लहरे, कनिष्ठ लेखाधिकारी पवन शर्मा, अधीक्षक विजय पनोरे, महेश्वर राव प्रकाश शर्मा, तरूण केशरवानी, अश्वनी यादव उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### सकरी में रावत नाच महोत्सव आज, विधायक होंगे शामिल

**सकरी।** सर्व यादव समाज सकरी की ओर से मंगलवार को शाम 5 बजे हाईस्कूल मैदान सकरी में रावत नाच महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल होंगे एवं अध्यक्षता सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्री, पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग हर्षिता पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार मौजूद रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जपं राकेश तिवारी, जिपं सभापति भारती माली, संजय यादव, विष्णु यादव, धन्नू यादव, मनीराम यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्र में आसपास सहित जिले के नर्तक दल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी समाज के उपाध्यक्ष संजय यादव ने दी है।

### डिप्टी सीएम साव की अनुसंशा पर 1 करोड़ 16 लाख स्वीकृत

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर लोरमी ग्रामीण अंचल में 16 ग्रामों में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 16 लाख 70 हजार रूपए की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त राशि से ग्राम रहंगी में 7 लाख की लागत से शेड निर्माण, परसवारा में 3 लाख की लागत से रंगमंच निर्माण, चिल्फी में 10.40 लाख की सीसी रोड, सहसपुर में 10.40 लाख की सीसी रोड, 4.50 लाख का रंगमंच निर्माण, बिठलदह में महामाया मंदिर के पास 5 लाख का शेड निर्माण एवं खपरीकला में 10.40 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण किया जाएगा। इसी तरह दाउकापा में शेड निर्माण व महामाया मंदिर के पास रंगमंच निर्माण के लिए 15 लाख, लीलापुर में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख एवं मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए 5 लाख, लगरा के आवासपारा में सीसी रोड निर्माण के लिए 15.60 लाख, डोंगरीगढ़ में प्राचीन शिव मंदिर के पास रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख, अखरार में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख, नवागांव बैंकट मेन रोड से गौटियापारा में सीसी रोड के लिए 5 लाख, ढोलगी में गौरा-चौरा के पास शेड निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति हुई है। साथ ही साल्हेघोरी में सीसी रोड 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र में विकास कार्यो की स्वीकृति पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह सहित सरपंचों एव ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मनियारी पुल की होगी मरम्मत 11 से बंद रहेगा आवागमन



**तखतपुर।** मनियारी पुल की मरम्मत के कारण 11 से 18 नवम्बर तक पुल पर आवागमन बंद रहेगा। मार्ग बंद रहने से बरेला से तखतपुर हाई स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा होगी। इसके लिए कांग्रेसियों मनियारी एनीकट से पानी का स्तर कम करने की मांग की है। बिहारी देवांगन एवं अभ्यूदय तिवारी ने मांग करते हुए कहा कि, पानी एनीकट के ऊपर बह रहा है। यदि पानी का स्तर कम कर दिया जाए तो एक सप्ताह में यात्री इस एनीकट के सहारे आसानी से आवागमन कर सकेंगे।

### शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**तखतपुर।** शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढनढन निवासी रानी सोनवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका पति साध राम सोनवानी आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। पति की प्रताड़ना से महिला त्रस्त हो चुकी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115,2 296, 351,2 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूर-दराज के छात्र-छात्राओं के लिए शुरू की गई व्यवस्था

# ओपन यूनिवर्सिटी में ई-मेल एड्रेस सिस्टम शुरू होते ही आवेदनों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं के लिए ईमेल एड्रेस की सुविधा चालू होने के बाद आवेदनों की बाढ़ आ गई है। वहीं दूर-दराज के स्टूडेंट्स को छोटे-छोटे काम के लिए बिलासपुर ओपन यूनिवर्सिटी आना नहीं पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी में तीन महीने में 1400 ईमेल आवेदन आ चुके हैं, जिनमें से लगभग 1100 आवेदनों का निराकरण हो गया है और करीब 300 पेडिंग है। इनमें परीक्षा, रिजल्ट, प्रवेश प्रक्रिया, स्टडी मटैरियल, फीस व स्टडी सेंटरों आदि से संबंधित आवेदन शामिल हैं।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में करीब तीन माह पहले ई-मेल एड्रेस ई-मेल गवर्नेंस एटदरेट पीएसएसओयू. एसी. इन जारी किया गया था। इस ईमेल सिस्टम की मानिटरिंग सीधे कुलपति प्रो. वीके सारस्वत करते हैं। कुलपति प्रो. सारस्वत जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति का कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह नई व्यवस्था चालू की थी। ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से यह ई-मेल एड्रेस जारी किया गया था, जिसके माध्यम से दूरस्त शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के कार्यों से संबंधित आवेदनों, समस्याओं का निराकरण किया जा सकें और उन्हें छोटे-छोटे काम के लिए क्षेत्र के सेंटरों या फिर इतनी दूर यूनिवर्सिटी आना न पड़े। ओपन यूनिवर्सिटी के ई-मेल एड्रेस सिस्टम को इतना रिस्पांस मिल रहा है कि ई-मेल से आवेदनों की बाढ़ आ गई है। पिछले तीन महिने के भीतर ही 1400 आवेदन आए हैं, जिनमें से लगभग 1100 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है और करीब 300 ईमेल आवेदन पेडिंग है। इस ईमेल व्यवस्था के लागू होने से छत्तीसगढ़ के दूरदराज क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को प्रवेश, परीक्षा, फीस, स्टडी मटैरियल या छोटी-मोटी समस्याओं के लिए बिलासपुर यूनिवर्सिटी आना नहीं पड़ रहा है।

**तीन महीने में आए 14 सौ ई-मेल**




### सात रीजनल समेत 147 स्टडी सेंटर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का कार्यक्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में है और प्रदेशभर में ओपन यूनिवर्सिटी के 7 रिजनल सेंटर सहित 147 स्टडी सेंटर हैं। इन सेंटरों के अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को कोई भी काम पड़ने पर अपने क्षेत्र के सेंटर में जाना पड़ता है और वहां काम नहीं होने पर बिलासपुर ओपन यूनिवर्सिटी मुख्यालय आना पड़ता है। ओपन यूनिवर्सिटी आना काफी दूर पड़ता है और छात्र-छात्राओं का पूरा एक या दो दिन लग जाता है, इसलिए छात्र-छात्राओं की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए ओपन यूनिवर्सिटी में यह नई व्यवस्था लागू की गई है।

### ईमेल आने के 15 दिनों भीतर करना निराकरण

यूनिवर्सिटी की ओर से एक ई-मेल एड्रेस ई-मेल गवर्नेंस एटदरेट पीएसएसओयू. एसी. इन जारी किया है। इस ई-मेल पर कोई भी छात्र-छात्राएं अपनी समस्या सीधे कुलपति को भेज सकते हैं। कुलपति द्वारा उनकी समस्या को संबंधित विभाग को भेजा जाएगा और 15 दिनों के भीतर निराकरण कर ई-मेल से ही छात्र-छात्राओं को उसकी सूचना दी जाएगी ताकि उन्हें पता चल जाए कि उन्होंने जो ईमेल भेजा है उस पर क्या कार्यवाही हुई है।

### समय पर होता है निराकरण

ओपन यूनिवर्सिटी का सेंटर काफी दूर-दूर तक फैला हुआ है और पूरे छत्तीसगढ़ से स्टूडेंट्स ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेते हैं। इसलिए उन्हें हर छोटे-बड़े कार्य, समस्याओं के लिए इतना दूर आना पड़ता था। लेकिन अब ईमेल से अपनी बात या काम लिखकर भेज देते हैं और उसका समय सीमा में निराकरण किया जाता है, उन्हें यहां आना नहीं पड़ रहा है।

**प्रो. वीके सारस्वत**, कुलपति, पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

## तक्षशिला विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तक्षशिला उमा विद्यालय जोंधरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत एकता की शपथ के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने यह संकल्प लिया कि वे सदैव राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश दिया। विद्यार्थियों के मेहंदी डिजाइनों में देशप्रेम, सामाजिक जागरूकता और एकता की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को कहा कि, सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि, अगर हम सब मिलकर एक ध्येय के लिए कार्य करें, तो कोई भी शक्ति हमें विभाजित नहीं कर सकती। आज के युवाओं का कर्तव्य है कि वे अपने कर्मों से राष्ट्र की एकता की डोर को और मजबूत बनाएं। इस अवसर पर प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू एवं प्रीतम पटेल, कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान, हरीश पटेल, कामता पटेल, अमित कुमार, किशन, उदय, सूर्यकांत, आकाश मरकाम, साहिल केवर्त, देव पटेल, अनुराग, नीतीशा चंदेल आदि उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की जयंती पर विचार गोष्ठी




**बोदरी।** छत्तीसगढ़ कूर्मि क्षत्रिय चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित पटेल जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत चकरभाठा में विचार गोष्ठी का आयोजन अनुराग विद्या मंदिर सभागार में किया गया। विचार गोष्ठी में ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विजय कौशिक, त्रिलोक देशमुख, देवशरण दिल्लीवार, कृष्ण कुमार कौशिक, रीखी राम कौशिक, कमलेश पटेल, जानकी वर्मा, सरिता वर्मा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ रागिनी कौशिक, वर्षा कौशिक, भावना कौशिक ने किया। गोष्ठी में सरदार पटेल की जीवनी और उनके राष्ट्रवादी चिंतन के साथ अखंड भारत की संकल्पना को याद किया गया।इस मौके पर नींबू-चम्मच दौड़, रस्सी कूद एवं कुर्सी दौड़ जैसे मजेदार खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सनाड्य तथा आभार प्रदर्शन अनुराग विद्या मंदिर की संस्था प्रमुख मंजुला कौशिक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवनीत कौशिक, सौरभ कौशिक, विपुल सनाड्य, विनोद लिमतरी, भावना, रागनी, तामेश्वर सनाड्य, केशव वर्मा, राजेश कौशिक, उमेद कौशिक, दिनेश कौशिक, चंद्र मोहन, शिव शंकर, राजेश कौशिक, राजकुमार वर्मा, वंदना कौशिक, अनामिका सनाड्य, रामकुमारी कौशिक, रुशाली कौशिक , मिता कौशिक, डॉ नवनीत कौशिक, ईश्वर कौशिक, शिवकुमार, बनवारी सनाढ्य, घनश्याम कौशिक, गणेश कौशिक, सुनील कौशिक, महेश कौशिक, विनोद वर्मा, रोहन कौशिक राहुल कौशिक, विकास कौशिक, नावेल पंकज, दिनेश, वरुण, चंद्रप्रकाश, अमित की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में संयोजक चेतना मंच के कृष्ण कुमार कौशिक और संतोष कौशिक उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में राष्ट्रगीत पर विशेष कार्यक्रम



**बेलतरा।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद स्कूल बेलतरा में शुक्रवार 7 नवम्बर को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम दिखाया गया एवं 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 'वंदे मातरम' पर आधारित चित्रकला एवं रंगोली प्रस्तुत की। कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' गीत के ऐतिहासिक महत्व एवं राष्ट्रप्रेम की भावना पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि, यह गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का स्रोत रहा है। कार्यक्रम में रामरतन कौशिक, ईश्वरी कौशिक, अशोक तिवारी, नागेश्वर बैशवाड़े, गगन कौशिक, डुलेस्वर भारती, शुभम, विवेक, संगीता, प्रिया, पूर्णिमा, आशी, वर्षा, आकांक्षा, शांति, दीप्ति, साधना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### छात्रा से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

तखतपुर। कालेज से लौट रही छात्रा के साथ प्रसाद लेने के दौरान छेड़छाड़ की गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ब्लॉक रोड निवासी मथुरा प्रसाद पांडेय ने युवती को घर के पास बुलाकर प्रसाद देने का झांसा दिया। जैसे ही युवती ने रुककर प्रसाद लेने की कोशिश की।

**निधन**

### डीवीएसएन मूर्ति



बिलासपुर। हेमू नगर निवासी डीवीएसएन मूर्ति पिता एसके नग़न्ना का 10 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे एस नवीन कुमार के पिता थे।

### मीना गुप्ता



**पथरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी मीना गुप्ता का 71 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम मे किया गया। वे भाजपा नेता एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निश्चल गुप्ता एवं नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेंद्र गुप्ता की मां थीं।

## आत्मानंद स्कूल में 42 छात्राओं को दी गई साइकिल



**बेलतरा।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिल्हा ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेलतरा में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमीं की 42 छात्राओं को निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उमेश गौरहा, सुरेश कश्यप सरपंच, जिला महामंत्री जनकराम देवांगन, जिला पंचायत सभापति अनुसूईया जागेंद्र कश्यप, जनपद सदस्य कमला विजय साहू,मनोज पटेल, उत्तर मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, गंगा प्रसाद साहू, भारत कश्यप, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी जायसवाल, कृष्णा यादव, कुशल सोनी, बुद्धेश्वर कश्यप, सत्या साहू, नंद कश्यप, बुद्धेश्वर सोनी बुधराम केसर, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सुशीला अमलतास, रामपुरी ताम्रकार, किरण त्रिपाठी, मनोज महिलांगे, शैलेंद्र कोरी सहित समस्त विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

## शतरंज स्पर्धा में संजीवनी ने मारी बाजी



**लोरमी।** जिला शतरंज संघ के तत्वधान में एक दिवसीय जिला मिनी 13 वर्ष रैंकिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को खेल केंद्र लोरमी में किया गया। स्पर्धा में मुंगेली जिले के तीन विकासखंड से कुल 28 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत शर्मा ने की। सलाथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल यादव पत्रकार, आयोजक प्रमुख सुबोध कुमार सिंह, सूर्यकान्त शर्मा, कामता सिंह कुर्रे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नूतन गुप्ता ने कहा कि, आप लोग देश के भविष्य हो। आप सभी को देश का गौरव गोकुलेश जैसा महान खिलाड़ी बनकर क्षेत्र एवं अपने माता-पिता का नाम ऊंचा करना है। प्रतियोगिता में पहला स्थान संजीवनी कुर्रे, दूसरा स्थान आशुतोष जायसवाल, तीसरा स्थान गीतांश साहू, चौथा स्थान लवकेश राजपूत, पांचवा स्थान योगेश बंजारे, छठवां स्थान अनिरुद्ध जायसवाल, सातवां स्थान जयदेव यादव, आठवां स्थान चिन्मय सिंह राजपूत नौवां स्था अदिति कोसले एवं दसवां स्थान हिमांशु निषाद ने प्रप्त किया।

## मोहबंधा में 35 छात्राओं को प्रदान की गई सायकल



लोरमी। वनांचल के ग्राम मोहबंधा में शासकीय उमा विद्यालय में सरस्वती योजना के तहत 35 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा विनय साहू मौजूद रहे। साथ ही बतौर अतिथि सुशील यादव मंडल अध्यक्ष भाजपा, मिथिलेश ध्रुव सरपंच मोहबंधा, पूर्व पार्षद विनोद राजपूत कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि, डॉ रमन सिंह की भाजपा सरकार ने 2005 में निशुल्क सायकल वितरण का योजना लाकर छत्तीसगढ़ की बेटियों को शिक्षित और संरक्षित करने का कार्य किया। उसी उद्देश्य को लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भी काम कर रही है। मंडल अध्यक्ष सुशील यादव ने इस महत्वकांक्षी योजना के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि, बेटियां जब नवमीं कक्षा में प्रवेश करती हैं तो, उन्हें सायकल वितरण की जाता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार ध्रुव, पीडी मानिकपुरी, बीएल वर्मा, बीआर मरावी, शिवेंद्र चंद्राकर, राजेश कुमार राजपूत, अमर सिंह राजपूत, कुमारी पूनम कश्यप, विकास मार्को, सूरज कोल सहित शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जपं सदस्य पाटले ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**मुंगेली।** क्षेत्र के बुचीपारा हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल का जनपद सदस्य तरुण पाटले ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल भवन के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की मांग की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य सामान्य रूप से संचालित पाया गया एवं सभी शिक्षक अपनी कक्षाओं में उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने स्कूल भवन में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की आवश्यकता बताते हुए जनप्रतिनिधि से अनुरोध किया। विद्यालय में दीवारों, कमरों एवं अन्य आवश्यक संरचनाओं की मरम्मत को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी समस्या रखी। विद्यार्थियों की बात सुनते हुए जनपद सदस्य तरुण पाटले ने कहा कि, शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार मरवाही, जिला- गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**//ईश्तहार //**
क्रमांक क/तह.वा./री-1/2025
मरवाही दिनांक 08/11/25

एतद सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता आवेदिका सीमा यादव पति तिलकराम यादव एवं 01 अन्य ग्राम मरवाही तहसील मरवाही जिला गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) द्वारा उपस्थित होकर ग्राम कुम्हारी स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि वन 204/20 कुल रकबा 0.04 ए. 0.016 हे. आवेदिकगण को रुपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त परिवर्तित भूमि को केता दीपक कुमार प्रजापति पिता दुखीराम प्रजापति ग्राम भरीडाड तहसील मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाडी (छ.ग.) पास राशि रुपये 4,50,000/- (चार लाख रुपये) विक्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर बतौर अग्रिम रुपये 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रुपये) प्राप्त कर शेष राशि रुपये 3,00,000/- (तीन लाख रुपये) विकय अनुमति प्राप्त होने पश्चात पंजीयन के समय दिये जाने विक्रेता एवं क्रेता के मध्य पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 12.09.2025 निष्पादित किया जाकर उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

अत: जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो दिनांक 05/12/2025 को पूर्व वह अपने अभिभाषक व अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर कर सकते। समय विचार उपरांत कोई विचार विमर्श नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 06/11/25 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**तहसीलदार, मरवाही**
**जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**- ईश्तहार -**
क्रमांक Q/ ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/11/2025

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 98/26 रकबा 0.0160 हे. एकड़ भूमि की नामांतरण/फौती नामांतरण/वसीयत /दान के लिए श्री फ्रेंकलिन आस्टीन आ. स्व.एरिक आस्टीन निवासी जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/11/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**
**- आम सूचना -**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं.दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, सैदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-51,** आबंटी **संयुक्तनाम 1.श्रीमती आमना बेगम पति श्री रफीक खान** 2. श्री सरीफ खान पिता रफीक खान, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक **24.01.2014** को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक **06.01.2022** को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को **श्रीमती शकुंतला देवी पटेल पति श्री देशी लाल पटेल,** के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्ध शासकीय /संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण /हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र - बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**
क्रमांक /क/वा.अति.तह. / 2025
बिलासपुर, दिनांक 30/10/2025

एतदद्वारा श्री संतोष कुमार, श्री अशोक कुमार, श्री महेन्द्र कुमार, श्री महिपाल, श्री इन्द्रपाल पिता गौकरण लाल, सविता, कविता, संगीता, सरिता निवासी सरकण्डा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं. 32, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 673/12 रकवा 0.0200 हेक्टेयर भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख सुधार के लिए श्री बसंतलाल साहू उम्र 66 वर्ष पिता स्व. रामदयाल साहू, निवासी-नया सरकण्डा बंगालीपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 19/11/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 19/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10.11.2025

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका रेखा रोहरा पति घनश्याम रोहरा निवासी टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के मूल निवासी जो कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.11.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**
लक्ष्मण श्रीवास वगैरह .....परिवादीगण
**विरुद्ध**
लक्ष्मण साहू ..... ......अनावेदक
प्रकरण क्र.सी.सी.63/23
पेशी तारीख-09.12.2025
आदेश दिनांक-
प्रोसेस क्र.-
**/ समंस /**

प्रति,
लक्ष्मण साहू आयु लगभग 38 वर्ष, पिता श्री अमर साहू, पेशा-भवन निर्माणकर्ता/ ठेकेदार निवासी तत्कालीन-देवनगर तिफरा, वर्तमान निवासी-चमन ग्रीन सिटी सैदा, थाना व तहसील-सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) मोबाईल नंबर 8085274291 (विरोधी पक्षकार)

परिवादीगण ने विरोधी पक्षकार के विरुद्ध माननीय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग बिलासपुर छ.ग. के समक्ष उपभोक्ता संरक्षण अधि.2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादीगण के मकान निर्माण संबंधी सेवा में कमी के संबंध में कुल राशि रू. 6,55,000/- (छ: लाख पचपन हजार रूपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी पक्षकार से दिलाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 09/12/2025 को नियत है। विरोधी पक्ष लक्ष्मण साहू, आयु लगभग 38 वर्ष, पिता श्री अमर साहू, पेशा -भवन निर्माणकर्ता /ठेकेदार, निवासी तत्कालीन-देवनगर तिफरा, वर्तमान निवासी-चमन ग्रिन सिटी सैदा, थाना व तहसील -सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) मोबाईल नंबर -8085274291 को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ईश्तेदार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा /आपित्त प्रस्तुत कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 7/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
मोहर
तारीख:

**(आनंद कुमार सिंघल)**
**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार डॉ.बृजेश ने राजभाषा सचिव आर्या को भेंट किया ग्रंथ



**बिलासपुर।** साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह ने राजभाषा सचिव अंशुली आर्या को अपना ग्रंथ आहुति महाकाव्य, वेदमूर्ति महाकाव्य तथा तीर्थोत्तमा अयोध्या, राजभाषा कार्यालय दिल्ली में भेंट किया। इस अवसर पर आईएएस राजीव सिंह ठाकुर, नीति आयोग एवं भावना सक्सेना राजभाषा विभाग की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही। राजभाषा सचिव से हिन्दी साहित्य की दशा व दिशा पर सार्थक परिचर्चा हुई। उन्होंने राजभाषा के उन्नयन विषयक सुझाव प्रस्तुत करने की अपील की। दिल्ली प्रवास में पर्यावरण मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार से भी मिलने का सुअवसर राजीव सिंह ठाकुर नीति आयोग के सौजन्य से प्राप्त हुआ। इस दौरान पर्यावरण विमर्श व पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित सार्थक परिचर्चा हुई।

### स्वदेशी जागरण मंच भारतीय मजदूर संघ ने मनाई राष्ट्र ऋषि बाबूराव दत्तो पंत की जयंती



**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में राष्ट्र ऋषि बापू राव दत्तोपंत ठेंगडी की जयंती स्वदेशी जागरण मंच भारतीय मजदूर संघ भारतीय किसान संघ अभा विद्यार्थी परिषद ने मिलकर मनाया। इस अवसर पर बापू राव दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। उनके जीवन पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य वक्ता स्वयंसेवक संघ के गणेश ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी की ओर बढ़ रहा है इसको कई साल पहले बापू राव दत्तोपंत ठेंगडी ने अपने खुले नैनों से देखा था। उनका कहना था कि जब तक भारत में स्वदेशी चीजों को बढ़ावा नहीं मिलेगा तब तक भारत आत्मनिर्भर नहीं बनेगा। यह उन्हीं की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज भारत आत्मनिर्भर होकर स्वदेशी की तरफ अग्रसर है। इस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच से डॉक्टर सुशील श्रीवास्तव, गुलशन ऋषि , कमल सोनी, सुब्रत चाकी , डॉक्टर देवेंद्र कौशिक, दीप्ति वाजपेई, ज्योतिंद्र उपाध्याय, अमित कुमार, हिमांशु कौशिक, अरुण दीक्षित, माधव सिंह, नारायण गोस्वामी, नीता श्रीवास्तव, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, अभिजीत मित्रा, स्नेहलता शर्मा, सुनीता मानिकपुरी, किरण सिंह, चंचल कुशवाहा, प्रभा तिवारी, भृगु अवस्थी मौजूद थीं।

### इनर व्हील क्लब रॉयल्स ने की बुज़ुर्गों को सामग्री भेंट



**बिलासपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिलासपुर रॉयल्स की टीम ने चुचहियापारा स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय मुलाक़ात कर उनका हाल-चाल जाना। क्लब की ओर से 2 सीमेंट की कुर्सियाँ और 6 प्लास्टिक की कुर्सियाँ और एक सीलिंग फैन उपलब्ध कराया। वृद्धाश्रम में लगभग 25 परिवारों निवास कर रहे हैं। कुछ भीख माँगकर तो कुछ घरों में काम कर अपने जीवन की लड़ाई लड़ी है। उनकी आँखों में छुपी तकलीफ़ें, संघर्ष की कहानियाँ और अकेलेपन का दर्द देखकर क्लब की सदस्यों की आँखें नम हो गईं। आज के समय में माता-पिता को अकेला छोड़ देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर क्लब सदस्यों ने चिंता जताई और कहा कि समाज को इस दिशा में संवेदनशील होने की आवश्यकता है। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष असमा नासिर खान, सचिव लीना सिंह, श्रद्धा दुबे, वंशिका वर्मा आदि मौजूद थीं।

### साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी में कवियों ने किया रचनाओं का पाठ



**बिलासपुर।** बिलासपुर साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी की 266 वीं कड़ी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोडपारा स्थित भवन में आयोजित किया गया। दीपोत्सव के पश्चात यह प्रथम काव्य गोष्ठी जिसमें उपस्थित कवियों ने अपनी विभिन्न रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि एन के शुक्ल, केवल कृष्ण पाठक और संचालन हरबंश शुक्ल ने किया। उपस्थित कवियों में राकेश खरे, डा सुधाकर बिबे, बल्लू दुबे, बुधराम यादव, एन के शुक्ल अविचल, केवल कृष्ण पाठक, विजय तिवारी, अमृत लाल पाठक हरबंश शुक्ल आदि कवियों ने अपनी सरस रचनाओं का पठन किया। अंत में तखतपुर बेलसरी के कथाकार महेश कुमार पांडेय मलंग और फिल्म जगत की गायिका सह अभिनेत्री सुश्री सुलक्षणा पंडित के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### छत्तीसगढ़ स्वराज सेना का स्थापना दिवस 26 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्वरोज सेना का स्थापना दिवस 26 नवंबर को मनाई जाएगी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्वराज सेना के राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निर्बल शोषित समाज और छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया के मान, सम्मान और अधिकार के लिए 26 नंवबर 2024 को छत्तीसगढ़ स्वराज सर्व समाज एकता नव आव्हान समिति की स्थापना की गई। जिसका शार्ट नाम छत्तीसगढ़ स्वराज सेना हैं जिसकी स्थापना संविधान दिवस 26 नंवबर को हुआ है। इस संस्था के माध्यम से निर्बल शोषित समाज को राजनीतिक भागीदारी कैसे प्राप्त हो इसके तहत कार्य किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति अभियान, रोज़गार मेला, जैसे कार्य संपूर्ण छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संस्था के प्रथम वर्ष स्थापना दिवस मनाने के लिए अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें, और इस संस्था से जुड़ने संपर्क करने की अपील की है।

---

**ऊधमपुर तक नहीं जाएगी ट्रेन** | अंबाला और जालंधर तक यात्री कर सकेंगे सफर

# पांच माह तक जम्मूतवी का परिचालन रहेगा प्रभावित, ब्रिज की होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विगत दिनों भूस्खलन के कारण ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके कारण जोन के दुर्ग, रायपुर और उसलापुर से जम्मूतवी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन पांच माह तक प्रभावित रहेगा। मंगलवार और बुधवार को चलने वाली ट्रेनें ऊधमपुर तक नहीं जाएंगी, परन्तु इनमें अंबाला और जालंधर तक सफर किया जा सकेगा।



रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे के जम्मूतवी क्षेत्र में विगत दिनों हुए भूस्खलन के कारण रेलवे के ब्रिज भी क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके कारण ट्रेन रूट भी पूरी तरह से ठप पड़ गया था। इसकी वजह से जम्मूतवी की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों को संबंधित स्टेशन से पूर्व लाने के उपरांत वापस करने का आदेश रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया। भूस्खलन थमने के उपरांत क्षतिग्रस्त हुए ब्रिज के मरम्मत कार्य को शुरु करने का निर्णय लिया गया है। इसमें दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर डिवीजन अंतर्गत दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, कटनी होकर मंगलवार और बुधवार को चलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर का परिचालन अप्रैल तक प्रभावित हुआ है। इसमें दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस 25 मार्च तक अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त करने के बाद अंबाला कैंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के बीच रद्द की जाएगी। 27 मार्च तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होकर शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन में समाप्त होगी। यह ट्रेन जालंधर कैंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के बीच रद्द रहेगी। वहीं 2 अप्रैल तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधन कैंट से प्रारंभ होकर शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के बीच रद्द की जाएगी।

### पंजाब, जम्मू जाने वालों के लिए महत्वपूर्ण है ट्रेन

छत्तीसगढ़ से जम्मू और पंजाब जाने वालों के लिए जम्मूतवी एक्सप्रेस महत्वपूर्ण ट्रेन है। इस ट्रेन से हजारों की संख्या में लोग सफर करते हैं। सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेन में सालभर नो रूम की स्थिति रहती है। पिछले कुछ दिनों से ट्रेन का परिचालन जम्मू तक नहीं हो रहा है, इससे यात्रियों की समस्या बढ़ गई है। जम्मू जाने वालों को अंबाला या जालंधर से सड़क मार्ग से आगे की यात्रा करनी पड़ रही है, इसमें उन्हें अधिक समय तो लग ही रहा है, खर्च भी अधिक हो गया है। हालांकि पंजाब जाने वालों को अधिक फर्क नहीं पड़ा है। ट्रेन के जालंधर तक जाने से लोगों को अधिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

---

सांसद तोखन सहित भाजपा जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता करेंगे पदयात्रा

# सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च को राष्ट्रव्यापी जन अभियान बताते हुए कहा कि सरदार पटेल दृढ़ नेतृत्व कूटनीतिक कौशल और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि भारत के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के मिशन से जोड़ते हुए जनभागीदारी से एक उच्च राष्ट्रीय अभियान बनाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साहू ने बताया कि बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सहित आमजन शामिल होंगे। पदयात्रा के दौरान स्वदेशी भारत अभियान भारत का संकल्प, स्वच्छता दीदियों का सम्मान महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण युवा विभूतियों का सम्मान, स्थानीय लोक नृत्यों का आयोजन एवं पेड़ माँ के नाम, स्वच्छता के लिए श्रमदान, वरिष्ठों का सम्मान, प्रबुद्धजनों का सम्मान जैसे गतिविधियों होगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने यात्रा का रूट चार्ट बताते हुए कहा कि 11 नवंबर को सुबह 10 बजे बिल्हा विधानसभा के माँ काली मंदिर तिफरा में सभा एवं पदयात्रा का शुभारंभ होगा जो बिलासपुर विधानसभा में राजीव गांधी चौक, नेहरू चौक, पंडित देवकीनंदन चौक, चांटीडीह, शबरी माता नवीन कन्या कालेज बिलासपुर में प्रथम दिवस का सभा समापन होगा। रात्रि विश्राम रतनपुर महामाया धर्मशाला में होगा तथा 12 नवंबर को सुबह 10 बजे रतनपुर माँ महामाया के दर्शन कर पदयात्रा के लिए कोटा नगर प्रस्थान करेंगे। कोटा में पडावपारा में सभा, राम मंदिर चौक,



पत्रकारों से चर्चा करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व अन्य जनप्रतिनिधि।

जनपद कार्यालय कोटा, चंडीमाई चौक, महाशक्ति चौक, जयस्तंभ, तखतपुर विधानसभा में थाना सकरी के पास से पूर्व माध्यमिक शाला सकरी तक, मस्तूरी विधानसभा में राधा कृष्ण मंदिर वेदपरसदा से मस्तूरी हाईस्कूल तक पदयात्रा रहेगी। रात्रि विश्राम लोरमी में होगा और 13 नवंबर को दोपहर 12 बजे लोरमी विश्रामगृह से फव्वारा चौक होते हुए मुंगेली चौक छोटी सभा पश्चात गुरूद्वारा चौक होते हुए डिण्डौल रोड नगर के पास समापन होगा।

मुंगेली विधानसभा में दोपहर 2 बजे से महामाया दाऊपारा मुंगेली से नया पुल, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, सदरबाजार, महावीर स्वामी चौक से बलानी चौक, माँ परमेश्वरी चौक, पड़ाव स्थित महाराणाप्रताप चौक में यात्रा का समापन होगा। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला भी उपस्थित थे।

---

**मंगला में चल रही जमीन की तलाश**

# 132 केवी सबस्टेशन के लिए शहर में जगह की कमी

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा जल्द ही 132 केवी सबस्टेशन बना सकती है। विभाग द्वारा जिला प्रशासन व नगर निगम से सबस्टेशन बनाने के लिए जमीन की मांग की गई है। जानकारों के मुताबिक मंगला, धूरीपारा के आसपास सबस्टेशन के लिए जमीन का प्रारंभिक सर्वे किया जा रहा है। सबस्टेशन बनने के बाद मंगला, उस्लापुर, नेहरू नगर जैसे इलाकों में सप्लाई सुधर सकेगी।

तिफरा 132 केवी सबस्टेशन शहर का सबसे पुराना सबस्टेशन है। तिफरा, सिरगिट्टी, नेहरू नगर जैसे इलाकों के बावजूद आधे शहर को यहां से बिजली सप्लाई हो रही है, लेकिन शहर की परीधि बढ़ने के बाद बिजली की मांग भी बढ़ रही है। 132 केवी सबस्टेशन से 33 केवी सबस्टेशनों में सप्लाई होती है, लेकिन मांग के अनुसार तिफरा सबस्टेशन से सप्लाई पूरी करने में कई बार दिक्कतें आ रही हैं। बिजली विभाग द्वारा सबस्टेशन निर्माण के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मंगला, धूरीपारा में जमीन की मांग की गई है, बिजली अधिकारियों ने अपने सर्वे में यहां का स्थान सबसे उपयुक्त पाया है, लेकिन जमीनें राजस्व व नगर निगम द्वारा ही दी जानी है, ऐसे में औपचारिक पत्राचार जारी है। बताया जा रहा है कि इस साल बिजली में बार-बार आ रही समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों ने नया सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। इससे क्षेत्र में बिजली बेहतर तरीके से सप्लाई करने में मदद मिलेगी। वहीं तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला भार भी कम होगा।

#### सब स्टेशन बनना जरूरी है

हमनें अपने सर्वे में मंगला के आसपास ही 132 केवी सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। राजस्व विभाग व नगर निगम से जमीन की मांग की है। सबस्टेशन बनना जरूरी हो चुका है।

**-बीबी नेताम,** ईई, नेहरू नगर

---

### स्काउट- गाइड की टीम का रायपुर में स्पेशल कोर्स



**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स 4 नवंबर से 8 नवम्बर तक राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसन्धान केंद्र शंकर नगर रायपुर में अशोक कुमार देशमुख के नेतृत्व में संचालक मंडल खोड़स राम कश्यप, अमित क्षत्रिय, जेरमिना एक्का द्वारा किया जा रहा है । एससीईआरटी रायपुर में शुरू हुए इस कोर्स में कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ- बिलासपुर संजय अग्रवाल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बिलासपुर के जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी के निर्देशानुसार एवं डीईओ पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय टांडे व विजय कुमार यादव के आदेशानुसार जिला सचिव लता यादव, संतोष त्रिपाठी, महेन्द्र बाबू टंडन, डॉ. पूनम सिंह, शत्रुघन सूर्यवंशी, सरला दुबे, डॉ . भारती दुबे, नवीन यादव, ममता यादव, देवकिरण साहू, सुनीता भास्कर , निशा साहू, सूर्यकांत खूंटे शामिल हुए। इस कोर्स में प्रतिभागियों को सेकेट्री एवं ऑर्गनाइजर कोर्स, मैपिंग एवं स्टार गेजिंग कोर्स, पायनियरिंग एवं स्टीमेशन कोर्स के साथ नेतृत्व व प्रबंधन से जुड़े उन्नत कौशल, स्काउट–गाइड गतिविधियों के आधुनिक संचालन के तरीके, संगठनात्मक ढांचे की मजबूती, अनुभव और सेवा की नई - नई गतिविधियों को सिखाया जा रहा है। जिले से गई टीम बिलासपुर के लिए नई उम्मीदें और नई दिशा लेकर लौटेगी।

---

बिजनेस प्लस

### सकरी में 'होटल द ग्रैंड एमरल्ड' का शुभारंभ, वेडिंग डेस्टिनेशन बना



**बिलासपुर।** सकरी स्थित जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने होटल द ग्रैंड एमरल्ड का भव्य शुभारंभ हुआ है। यह होटल, होटल द एमरल्ड का नया वेंचर है, जो अपने शानदार आतिथ्य और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है। होटल में 67 लग्ज़री रूम्स, विशाल लॉन, भव्य बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और किटी पार्टी हॉल जैसी अनेक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही, यहां का मल्टी क्यूज़ीन रेस्टोरेंट शहरवासियों के लिए अब खुल चुका है, जो भारतीय, चीनी, कॉन्टिनेंटल और कई अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों की बेहतरीन रेंज पेश कर रहा है। रेस्टोरेंट में बेहतरीन माहौल, आकर्षक इंटीरियर और परिवारों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अब स्वादिष्ट भोजन का आनंद घर बैठे भी लिया जा सकता है, क्योंकि ज़ोमैटो और स्विगी के माध्यम से फूड पार्सल सुविधा उपलब्ध है। होटल में विशाल पार्किंग की सुविधा भी दी गई है। विवाह, रिंग सेरेमनी, जन्मदिन, किटी पार्टी या किसी भी प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए यह होटल शहर का सर्वश्रेष्ठ वेडिंग डेस्टिनेशन बन गया है। होटल द ग्रैंड एमरल्ड— हर आयोजन के लिए शाही ठिकाना और स्वाद के शौकीनों के लिए स्वर्ग जैसा अनुभव।

### होटल श्री श्याम इंटरनेशनल में लग्जरी रूम व पार्टी के लिए हाल

**बिलासपुर।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्र व्यापार विहार, एफसीआई चौक के पास स्थित होटल श्री श्याम इंटरनेशनल अपनी उत्कृष्ट सुविधाओं और बेहतरीन सेवा के लिए लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

स्टेशन से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह होटल यात्रियों और स्थानीय ग्राहक दोनों के लिए सुविधाजनक विकल्प बन गया है। होटल में लक्ज़रीयस रूम, बर्थडे पार्टी, किट्टी पार्टी और फूड के थाली पार्सल जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। होटल का श्री श्याम रेस्टोरेंट पूर्णतः शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसता है, जो परिवारों और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए इसे एक उपयुक्त डाइनिंग स्पॉट बनाता है। इसके साथ-साथ, होटल में मैरिज बैंक्वेट हॉल भी उपलब्ध है, जहाँ विवाह, एनिवर्सरी, मीटिंग और कॉन्फ्रेंस जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए आधुनिक और



सुसज्जित व्यवस्था की जाती है। होटल कंपनी बिलिंग और कॉर्पोरेट डिस्काउंट की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे व्यापारिक यात्रियों के लिए यह एक आकर्षक विकल्प बन जाता है। होटल प्रबंधन के अनुसार उनका उद्देश्य ग्राहक को आराम, साफ-सफाई और उच्च स्तरीय सेवाओं का संपूर्ण अनुभव देना है।

---

# शासन करेगा 10 नदियों का संरक्षण और संर्वधन, उद्गम स्थल राजस्व रिकार्ड में होंगे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 10 नदियों के संरक्षण और संर्वधन पर यह कमेटी काम करेगी। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। शासन द्वारा सोमवार को पेश जवाब में कहा गया कि 7 नदियों अरपा, महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने कोरबा की लीलागर, पेण्ड्रा की सोनभद्र और तिपान नदी को भी संरक्षित करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।



- **हाईकोर्ट ने दिया शासन को निर्देश, फिलहाल यह नदियां और उनके उद्गम स्थल नाले के रूप में दर्ज**

अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 10 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान 2018 में बनाई गई भागवत कमेटी की बात याचिकाकर्ताओं की तरफ से उठाई गई। यह कमेटी नदियों के संरक्षण पर काम करने के लिए बनी थी।

#### इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद रहेंगे कमेटी में

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जानी चाहिए। शासन की ओर से इस पर सहमति जताई गई। इस कमेटी में जानकार तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाएंगे। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना। शासन ने कहा कि जिन जिलों से नदियों का उद्गम है वहां के कलेक्टर इसके अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही खनिज, वन और जिला पंचायत के अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे।

#### छोटी-बड़ी 19 नदियां निकलती हैं प्रदेश से

याचिकाकर्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्गम है। इनमें धमतरी के सिहावा से महानदी, राजनांदगांव के अंबागढ़ से शिवनाथ नदी, कांकेर के भानुप्रतापपुर से तांदुला नदी, मनेन्द्रगढ़ के रामगढ़ से हसदेव नदी, गुरुर के पेटेचुआ से खारून नदी, महासमुन्द से जोंक नदी बिन्द्रानवागढ़ से पैरी नदी, मैनपाट से माड नदी, जशपुर के पंरापाट से ईब नदी, रायगढ़ के लुडेग से केलो नती, कोरबा के पठार से बोराई नदी, मलाजकुंडम से दूध नदी, बिलासपुर के खुड़िया पठार से कन्हार नदी, सरगुजा की मातरिंगा पहाड़ी से रिहन्द नदी, दुर्ग के उच्च भूमि से कोटरी नदी, बैलाडील से शबरी नदी, डांगरी-डोंगरी से डंकिन नदी, बैलाडीला से शखिनी नदी, राजनांदगांव के पठार से बाघ नदी और कोडागांव से नारंगी नदी निकलती है।

#### गंदा पानी रोकने निगम ने पेश किया शपथ पत्र

सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में नगर निगम की ओर से शपथ पत्र पेश किया गया है। इससे पहले कोर्ट ने पूछा था कि अरपा के गंदे पानी को साफ करने के लिए बनाए जा रहे एसटीपी की क्या हालत है। निगम द्वारा इससे पहले पेश जवाब में कहा गया है कि 103 करोड़ की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अनुसार नदी में गिरने वाले पानी की सफाई के लिए अरपा में 4 एसटीपी निगम बना रहा है। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। अब इसके साथ ही निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। निगम की ओर से कहा गया कि दिसंबर तक मंगला और ज्वाली नाले पर बनाए जा रहे एसपीटी पूरे कर लिए जाएंगे। इससे पहले भी चिल्हाटी और दो मुहानी में बने एसटीपी से गंदे पानी को साफ किया जा रहा है।

### कंपोजिट बिल्डिंग की लिफ्ट 6 महीने से खराब, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

करोड़ों की लागत से बनी नई कंपोजिट बिल्डिंग में सुविधाओं को लेकर जनता को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यहां लगाई गई लिफ्ट महीनों से बंद पड़ी है। यहां पेयजल भी बड़ी समस्या बनकर उभरी है, जिसकी ओर मेंटनेंस करने वाले अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। यहां कैंटीन भी बंद है। इसके चलते कर्मचारी और लोगों को बाहर जाकर नाश्ता और दूसरी चीजें खरीदनी पड़ रही हैं।

हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी। इसमें शासन को बताना होगा कि लिफ्ट की मरम्मत की स्थिति, नई लिफ्ट के चालू होने में हुई देरी के कारण, दोनों लिफ्टों के चालू होने की समय-सीमा और संयुक्त सरकारी भवन में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और पहुंच सुनिश्चित करने पर हलफनामा देना होगा। दरअसल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपोजिट बिल्डिंग में तीन माले हैं। यहां हर दिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा होता है। उनके मुताबिक यहां सीढ़ियां चढ़ने में उन्हें दिक्कत होती है। ऐसा कई सालों से चल रहा है। उन्होंने अपनी परेशानी जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाई है। इसके बावजूद कोई भी कुछ सुनने को तैयार नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक भवनों में कार्यात्मक लिफ्ट, रैंप और व्हीलचेयर की सुविधा होना अनिवार्य है। इसके अलावा, ऐसी सुविधाओं के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, भूतल पर अस्थायी व्यवस्था की जानी चाहिए। हालांकि, समग्र भवन की स्थिति इन निर्देशों की पूर्ण अवहेलना दर्शाती है, क्योंकि लिफ्ट के लंबे समय से खराब होने के बावजूद भूतल पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पानी की कमी होने के कारण कर्मचारी बाजार से पानी की बोतलें खरीदने के लिए पैसे इकट्ठा करते हैं, क्योंकि 2013 में लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस भवन में पेयजल की सुविधा नहीं है। भवन में लिफ्टों के लंबे समय तक बंद रहने के संबंध में उपरोक्त समाचार रिपोर्ट में उजागर किए गए गंभीर मुद्दों को देखते हुए, उन्हें संबंधित अधिकारियों से विस्तृत निर्देश प्राप्त करने के लिए कुछ समय चाहिए।

## खबर संक्षेप

### महिला की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** फांसी लगाने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, एनई कालोनी निवासी पूर्णिमा राजपूत पति राजेन्द्र राजपूत 30 साल ने 9 नवंबर की सुबह घर में फांसी पर लटक गई थी। आवाज आने पर पति ने आनन फानन में फंदा काटकर उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था। 10 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पति राजेन्द्र ट्रेवल्र्स एजेंसी चलाते हैं और उनके तीन बच्चे हैं। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा

**बिलासपुर।** प्लांट के अंदर ट्रेलर के पिछले चक्के से कुचलकर एक मजदूर की मौत हो गई है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में मजदूर व परिजन ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर हंगामा मचाया। प्रबंधन द्वारा मांग पूरी करने का आश्वासन देने पर हंगामा शांत हुआ है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, नीरतू निवासी खगेश पटेल पिता गोवर्धन पटेल 23 साल गांव के निजी स्टील एंड पावर प्लांट में रोजी मजदूरी कर रहे थे। सोमवार की सुबह 6 बजे वे प्लांट के कोयला अनलोडिंग क्षेत्र में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 8023 के ड्राइवर ने कोयला अनलोडिंग के दौरान तेज गति से गाड़ी पीछे की, इससे काम कर रहा मजदूर खगेश पटेल पिछले चक्के की चपेट में आ गया। हादसे में उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन प्लांट आ गए। बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोनी पुलिस प्लांट पहुंच गई। प्लांट प्रबंधन की ओर मजदूरों की मांग पूरी करने का आश्वासन देने के बाद हंगामा समाप्त हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सीवरेज के गड्ढे बिगाड़ रहे चाल, लोग परेशान

**बिलासपुर।** शहर में सीवरेज की समस्या इतने सालों के बाद भी जस की तस बनी हुई है। सीवरेज चेंबर पर लग ढक्कन सड़कों से नीचे है, ऐसे में यह गड्ढों की तरह ही प्रतीत होते है। बारिश के बाद इसके आसपास गड्ढें हो चुके है। जिससे बचकर चलने में ही लोगों की भलाई है लेकिन मुख्य सड़कों पर कभी इन गड्ढों से सामना हो रहा है, और वाहनों की चाल खराब हो रही है। कई बार हादसा भी हो रहा है, लेकिन नगर निगम इन चेंबर के ढक्कनों को सुधारने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में शहर भर के लोग अनजानें गड्ढों से परेशान है।

**भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का होगा निरीक्षण** | **बिलासपुर सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगा फायदा**

# 25 साल बाद प्रदेश का दूसरा वेटनरी कालेज बनकर तैयार, अगले साल से शुरू होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य बनने के 25 साल बाद प्रदेश का दूसरा वेटनरी कालेज आकार ले चुका है। कालेज में कर्मचारी काम करने लगे हैं, वहीं संसाधनों को जुटाने का काम भी तेजी से जारी है। ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्र 2026 से वेटनरी की पढ़ाई जिले में हो सकेगी। खास बात यह है कि स्टूडेंट के लिए प्रशासनिक भवन, क्लास रूम और हास्टल बन चुके है। वहीं पशु चिकित्सा विज्ञान के लिए पशुओं को लाया गया है।

प्रदेश का दूसरा वेटनरी कॉलेज 10 सालों बाद बन कर तैयार हो चुका है। कालेज में नए सिरे से डीन की नियुक्ति होते ही निर्माण में तेजी आई है, महज 5 माह के भीतर खंडहर हो चुके भवन को संवार दिया गया है। प्रशासनिक भवन, गर्ल्स और बॉयस हास्टल और पशु शेड, कालेज बिल्डिंग, लाइब्रेरी, स्टाफ रूम बन चुके हैं। इस साल अब तक पशु चिकित्सा विज्ञान के लिए एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में अगले साल से यहां भी पशु चिकित्सा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रारंभिक चरण में 30 स्टूडेंट के बैच के साथ चिकित्सा शिक्षा शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि इससे बिलासपुर, मुंगेली, सरगुजा, रायगढ़ जिले के साथ ही उत्तरी छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के स्टूडेंट को वेटनरी शिक्षा में एडमिशन लेने का मौका मिलेगा।





### 30 सीटों से खुलेगा कालेज

राज्य का दूसरा वेटनरी कॉलेज सत्र 2026-27 में शुरू होगा। इसके लिए पहले भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का निरीक्षण अनिवार्य होगा। वहीं इसकी मान्यता के आधार पर एडमिशन शुरू होगी। खास बात यह है कि साल 2016 में 30 सीटों से कालेज शुरू किया गया था, और अधोसंरचना और स्टाफ की कमी के चलते भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के द्वारा 2017 में मान्यता रद्द कर छात्र, स्टाफ, प्रोफेसर व पशुओं को दुर्ग में भेज दिया था।

### अंजोरा से लाया गया पशु और मशीन

बिलासपुर में खुलने वाले वेटनरी कालेज के लिए दुर्ग अंजोरा से 8 साहीवाल गाय, 12 ओशमाबादी बकरी, 10 सुअर लाए गए है। इसके साथ ही पैरा काटने के लिए मशीनें, ट्रैक्टर और अन्य कलपुर्जे और मशीनें मंगाई गई है। परिसर में इसके रखरखाव के लिए तैयारी की जा रही है। लाइब्रेरी बन चुकी है, जिसमें अब पुस्तकें रखी जा रही हैं।

### एक साल ओर लगेगा

महाविद्यालय के लिए प्रशासन ने 41 एकड़ जमीन की स्वीकृति दी है, इसमें से कुछ हिस्से में सिम्स अस्पताल को हस्तांतरित किया गया है। लेकिन वर्तमान में केवल 28 एकड़ जमीन पर ही निर्माण किया गया है। बकरी पालन, डेयरी फार्म, पोल्ट्री फार्म, घोड़े का अस्तबल और चारा की व्यवस्था करने के लिए 10 एकड़ अतिरिक्त जमीन ठाकुर छेदी लाल बेरिस्टर एग्रीकल्चर कॉलेज से मिल चुकी है।

### एडमिशन शुरू होगा

निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। हमारा स्टाफ काम कर रहा है, वर्तमान में कुछ प्रोफेसर और स्टाफ अंजोरा दुर्ग से यहां आ चुके है। बाकी अटैचमेंट भी खत्म कर स्टाफ बढ़ाया जाएगा। इस आने वाले साल में एडमिशन शुरू होगा।

**-डॉ केके मुखर्जी**
डीन, वेटनरी कॉलेज, कोनी

**सकरी, भरनी, चोरभट्ठी व मंगला में तंबू ताने बैठे हैं एजेंट**

# कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री बैन, पर आउटर में खुलेआम बिक रहे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार ने पांच डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने भी बिलासपुर ने कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके विपरीत शहर से किसी भी मार्ग पर निकल जाइये अवैध प्लॉटिंग करने वालों के एजेंट तंबू तानकर बैठे हैं। अवैध प्लॉटिंग का कारोबार आज भी डंके की चोट पर फल-फूल रहा है, लेकिन प्रशासन का इस बात से बेखबर होना समझ से परे है।

कागजों में कच्ची प्लॉटिंग भले ही प्रतिबंधित हो गई होगी, लेकिन मौके पर अवैध प्लॉटिंग का धंधा जोरों पर फल-फूल रहा है। शहर से बाहर जाने वाली हर सड़क पर इस व्यवसाय से जुड़े लोग अपना धंधा जारी रखे हुए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले में चार्ज लेने के साथ ही अवैध प्लॉटिंग पर नकैल कसने रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा इस संबंध में जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग से जानकारी ली जाती है। आश्चर्यजनक बात यह है कि कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री बंद होने के बाद भी इस व्यवसाय से जुड़े लोग इस काम में इतने सक्रिय क्यों हैं? इनकी सजगता इस बात की ओर भी इशारा कर रही है कि तहसील कार्यालयों में स्थापित रजिस्ट्री कार्यालयों में कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री आज भी बेधड़क की जा रही है।



सकरी रोड पर जमीन बिक्री के लिए लगाया गया स्टाल।



कोटा रोड पर जमीन बिक्री के लिए लगाया गया तंबू।

### सामने रेरा-टीएनसी और पीछे कच्चे प्लॉट की बिक्री

इस धंधे में संलग्न लोग बड़े शातिर हैं। सामने सड़क से लगी जमीनों पर उन्होंने टीएनसी व रेरा के नियमानुसार प्लॉटिंग की है, जिसे वे अधिक कीमतों पर बेच रहे हैं। कई स्थानों पर प्रचार-प्रसार भी इन्हीं को दिखाकर किया जा रहा है। इसके विपरीत ग्राहक द्वारा सस्ता प्लॉट मांगने पर वे धीरे से पीछे के कच्चे प्लॉट की दुकानदारी प्रारंभ करते हैं, जो कि दस से पंद्रह एकड़ रकबे में फैला है।

### कल से नहीं बेचेंगे

कोटा रोड में सीआरपीएफ कैंप के पास छतरी लगाकर फार्म हाऊस, प्लॉट एवं मकानों की बिक्री कर रहे लोग यहां अवैध प्लॉटिंग कर कच्चा प्लॉट बेच रहे हैं। कच्चे प्लॉट की बिक्री प्रतिबंधित होने एवं रजिस्ट्री पर बैन होने की बात पर एजेंट ने कल से नहीं बेचने की बात कही। उसने बताया कि फिलहाल उन्होंने दो ही प्लॉट बुकिंग की है, जिनके पैसे वापस कर देंगे। खसरा नंबर पूछने पर उसने बताया मौके पर पंद्रह से बीस खसरा नंबर हैं, जिनमें प्लॉटिंग की जा रही है।

### इन स्थानों पर छतरी लगाकर बेच रहे प्लॉट

शहर के बाहर कोटा रोड में सकरी, भरनी, चोरभट्ठी व गनियारी से आगे। मस्तूरी रोड में देवरीखुर्द व मस्तूरी से ठीक पहले फोरलेन तिराहे पर। रायपुर रोड में हाईकोर्ट के सामने एवं धौराभाठा में। तखतपुर रोड कानन पेंडारी के सामने व काठाकोनी मोड़ के पास। सीपत रोड में मोपका चौक के पास, लगरा पुल के बाद, सीपत एनटीपीसी गेट के पास एवं गुड़ी में मेन रोड पर अवैध प्लॉटिंग का धंधा करने वालों के एजेंट पीली छतरी लगाकर बैठे हैं। इसी तरह मंगला व लोखंडी में भी विगत लंबे समय से एजेंट सक्रिय हैं।एजेंटों पर इन मार्गों से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नजर पड़ जाती है। ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारियों की नजर इन पर न पड़े ऐसा हो ही नहीं सकता।

### नियमानुसार गलत है

शहर में तो कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। पांच डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री प्रदेश स्तर पर प्रतिबंधित है। नए नियमों के अनुसार जमीन जिस तहसील की है, उसकी रजिस्ट्री भी उसी तहसील में होगी, लेकिन तहसील स्तर पर भी कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री नहीं की जा सकती। नियमानुसार यह गलत है।

**-आरके स्वर्णकार**
जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### कार्रवाई की जाएगी

कोटा अनुभाग में फिलहाल तो अवैध प्लॉटिंग की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन कोई खसरा नंबर पता हो जिसमें अवैध प्लॉटिंग की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

**-नितिन तिवारी**, एसडीएम कोटा

**कबाड़ियों को दी हिदायत**

# कबाड़ी दुकानों की पुलिस ने की जांच, एक पर कार्रवाई



कबाड़ी से पूछताछ करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोतवाली व तोरवा पुलिस ने दर्जनों कबाड़ी दुकानों में छापा मारकर जांच की, लेकिन सिर्फ एक दुकान में लोहे का कबाड़ मिलने पर कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य कबाड़ियों को चोरी का सामान खरीदी बिक्री से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

कोतवाली सीएसपी आईपीएस गगन कुमार के निर्देश पर कोतवाली टीआई देवेश कुमार राठौर ने स्टाफ के साथ खपरगंज क्षेत्र में संचालित जावेद मेमन, अकबर कुरैशी, मधु विश्वकर्मा, अक्षय कुमार गुप्ता, हुसैन सैफी की दुकानों में दबिश देकर बारीकी से जांच की गई। इस दौरान किसी प्रकार का संदिग्ध या चोरी का सामान नहीं पाया गया है। वहीं दिनेश साहू पिता स्व. सुखदेव प्रसाद साहू 54 साल की दुकान में संदिग्ध लोहे की राड, दरवाजा सहित 250 किलो कबाड़ जब्त कर कबाड़ी के खिलाफ बीएनएस की धारा 35, 1-4, 303, 2 के तहत कार्रवाई की गई है।

इसी तरह तोरवा पुलिस ने फजीर कबाड़ी बुधवारी बाजार, चौहान कबाड़ी मानिकपुर, पप्पू कबाड़ी देवरीखुर्द, अकबर कबाड़ी देवरीखुर्द, तस्सु कबाड़ी धानमंडी रोड पावर हाउस, शारिक कबाड़ी कासिमपारा के दुकानों की जांच की गई। इस दौरान सभी दुकानों पेपर व प्लास्टिक का कबाड़ पाया गया है। कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। सभी कबाड़ियों को चोरी का सामान खरीदी बिक्री नहीं करने का हिदायत दी गई है।

## ठगी: खाते से ट्रांसफर कर लिए 1.35 लाख

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर में रहने वाले कपड़ा व्यवसायी के मोबाइल पर लिंक भेजकर जालसाजों ने उनके मोबाइल को हैक कर लिया। उनके दो बैंक एकाउंट से 1 लाख 35 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। व्यवसायी ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। जूना बिलासपुर में रहने वाले भरतलाल देवांगन(48) ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह उन्होंने डाक्टर वासल के क्लीनिक का नंबर इंटरनेट पर सर्च किया। इसमें मिले नंबर पर उन्होंने काल किया। काल रिसिव करने वाले ने उनके मोबाइल पर लिंक भेजकर आनलाइन नंबर लगाने कहा। तब उन्होंने लिंक ओपन कर अपना डिटेल डाल दिया। जालसाजों ने दूसरे एकाउंट से रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा। तब भी ट्रांजेक्शन फेल हो गया। इसके करीब पांच दिन बाद अनजान लोगों ने उनके एकाउंट से 1 लाख 35 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। मोबाइल पर आए मैसेज से उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुराने नौकर ने दुकान से 5 लाख 80 हजार सहित तिजोरी पार किया

**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित टाइल्स दुकान में तिजोरी सहित 5 लाख 80 रुपए चोरी के मामले में चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस के अनुसार नौकरी से निकालने पर पूर्व नौकर ने एक सहयोगी युवक के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने देवास में दबिश देकर पब में अय्याशी करते दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 1 लाख 97 हजार रुपए, चोरी की रकम से खरीदे गए दो मोबाइल व अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

29 अक्टूबर को मंगला चौक स्थित स्क्वायरफीट टाइल्स दुकान से प्लास्टिक का सीट व फाल सिलिंग तोड़कर 5 लाख 80 हजार रुपए सहित इलेक्ट्रानिक तिजोरी चोरी कर लिया गया था। दुकान संचालक अज्ञेय नगर निवासी सत्यजीत राजनकर ने पुलिस को बताया कि तोरवा राधाकृष्ण मंदिर निवासी सोमू उर्फ अनुज कश्यप पिता कृष्ण कुमार कश्यप 23 साल तीन साल से उनकी दुकान में काम कर रहा था। फरवरी 2025 में दुकान से नल की टोटी सहित अन्य सामान चोरी करते पकड़ लेने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया। पुलिस ने उसका मोबाइल लोकेशन निकाला तो घटना की रात में उसका लोकेशन मंगला चौक पाया गया। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी तो गायब मिला। पुलिस लगातार उसका मोबाइल लोकेशन लेने में लगी हुई थी। देवास में उसका मोबाइल लोकेशन मिलने पर एएसआई चंद्रकांत डहरिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने देवास में दबिश देकर सोमू उर्फ अनुज कश्यप व उसके साथी आर्यन शुक्ला पिता उमेश शुक्ला 22 साल जगजीवन वार्ड नम्बर 21 कटनी निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 लाख 97 हजार रुपए नकद व दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।




### चोरी की रकम से अय्याशी

चोरी करने के बाद दोनों युवक ट्रेन से भोपाल चले गए। वहां उज्जैन महाकाल का दर्शन करने के बाद अजमेर चले गए। वहां घूमने के बाद देवास आए और चोरी की रकम 1 लाख 30 हजार रुपए से दो नग आईफोन, 28 हजार के जूते कपड़े, बैग खरीदा था। वहीं देवास में रोज पब में जाकर अय्याशी कर रहे थे। पुलिस ने चोरी की रकम से खरीदा गया सामान जब्त कर लिया है।

### चिल्हाटी खार में तोड़ी तिजोरी

चोरी करने के बाद दोनों युवक आराम से बाइक में तिजोरी को रखकर चिल्हाटी के खार गए। वहां पत्थर से तिजोरी को तोड़कर नकद रकम निकालकर शहर छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने चिल्हाटी खार से तिजोरी के पाट्र्स व पत्थर जब्त किया है।

### सिम्स में सामने ठेले बंद हो जाता है गेट

**बिलासपुर।** संभाग के सबसे बड़े अस्पताल के ठीक सामने ठेले वालों का कब्जा है, सुबह 6 बजे से यहां ठेले लग जाते है। दिन भर ठेले लगे रहे है। खास बात यह है कि इन अवैध ठेले वालों की हिम्मत इस कदर बढ़ चुकी है कि सिम्स का गेट भी इन्हें नहीं बच रहा है। दोपहर 12 बजे तक सिम्स गेट पूरी तरह से ठेले वालों के कब्जे में रहता है, इससे मरीज व उनके परिजन परेशान हो रहे हैं।

## 2 लाख 20 हजार लेनदेन को लेकर मारपीट, 12 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रामायण का चंदा 2 लाख 20 हजार रुपए के लेनदेन को लेकर भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।

पुलिस ने दोनों पक्षों के 12 लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मस्तूरी टीआई हरिशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, ग्राम कर्रा निवासी भाजपा नेता बिट्टू कौशिक, कांग्रेस नेता परस चंद्राकर पर रामायण का चंदा 2 लाख 20 हजार रुपए गबन कर देने का आरोप लगा रहा है।

इसे लेकर सोमवार को गांव में भाजपा व कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच बैठक आयोजित की गई थी, आरोप प्रत्यारोप के बीच दोनों गुटों में मारपीट हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मारपीट कर एक पक्ष से टीकम कौशिक, गंगा प्रसाद कौशिक, दीपक कौशिक, मनोज कौशिक व दूसरे पक्ष से रिखी राम केंवट, लखन लाल चंद्राकर, प्रशांत विश्वकर्मा, रामदयाल पटेल, पुरूषोत्तम चंद्राकर, परस राम चंद्राकर, शत्रुहन लाल चंद्राकर, मनहरण कौशिक को गिरफ्तार कर लिया है।

## एमआर की घर में मौत, सुसाइड नोट में लिखा भैया मुझे माफ कर देना

**बिलासपुर।** एमआर की किराए के मकान में संदिग्ध रूप से लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस को सुसाइड नोट मिला है जिसमें लिखा है भैया मुझे माफ कर देना। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, बिहार भागलपुर निवासी कुणाल कुमार राय पिता सुर्पेश्वर राय 29 साल उसलापुर में किराए के मकान में रहकर एमआर का काम कर रहा था। सोमवार की सुबह से शाम चत वह अपने रूम से बाहर नहीं निकला तो मकान मालिक ने उसके रूम में जाकर देखा, रूम में वह औंधेमुंह मृत पड़ा हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला। जिसमें बिहारी भाषा में भैया मुझे माफ कर देना लिखा हुआ है। पुलिस जहर खाकर खुदकुशी कर लेने की आशंका जता रही है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च,
10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
11 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशि: स्लीपर-19501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ परमेश्वरी महापुराण का शुभारंभ



**तखतपुर**। देवांगन समाज का परमेश्वरी महापुराण कलश यात्रा के साथ प्रांरभ हुआ।
नगर के जनकपुर रोड स्थित देवांगन समाज के सामुदायिक भवन में परमेश्वरी महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय यज्ञ की शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा राधा-कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर शीतला माता चौक, महामाया चौक, मुख्य मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची एवं कलश यात्रा की पूजा कर घट स्थापना व ज्योति प्रजवलित की गई। कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक किशन राव के पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान संतोष-रमा देवांगन, राजेश-अमरीका देवांगन, गंगाराम-पार्वती देवांगन हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में नानू रामाधार देवांगन, शिव, राजू परिधान, शेखर, कांत, शिव, तिलक, सनी शत्रुघ्न, शेरा, हितेश, चंद्र प्रकाश, चंदन, बिहारी, जगन्नाथ, अयोध्या, आनंद, नारायण, नरेश, राकेश, रोहित, अमन, लखन, विकास, साकेत, आयुष, देवेंद्र, कमलेश, अक्षत सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### तखतपुर उपसमिति की बैठक संपन्न



**तखतपुर**। तखतपुर उपसमिति की बैठक बरेला महाराणा मंगल भवन में आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जोन प्रभारी घनश्याम सिंह, विशिष्ट अथिति के रूप में महेंद्र सिंह एवं भगवान सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश सिंह ठाकुर ने की। बैठक में समाजिक सदस्यता अधिक से अधिक करने की अपिल की गई। साथ ही शादी से पहले लड़का-लडकी के परिवार को अनापत्ति प्रणाम पत्र अनिवार्य रूप से लेने एवं जोन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन करने एवं उपसमिति का ऑडिट कराने को कहा गया। आभार प्रदर्शन हूप सिंह ने किया। इस अवसर पर बोधन सिंह, शिवपाल सिंह, रामसिंह, दुखु सिंह, हीरा सिंह, केशव सिंह, आशीष सिंह, दुष्यंत सिंह, गजानंद सिंह, अनिल सिंह, योगेश्वर सिंह, अशोक सिंह, रवि सिंह, शंकर सिंह, सुखदेव सिंह, रामायण सिंह, कोमल सिंह, कौशल सिंह, लक्ष्मण सिंह, मैनेजर सिंह, राजू सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नयापारा गोंदईया में एफएलएन मेले की तैयारियां पूरी



**रतनपुर**। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को शास प्राथ शाला नयापारा गोंदईया में एफएलएन मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक शकील अहमद खोखर एवं एफएलएन प्रभारी शिक्षिका, मास्टर ट्रेनर तृप्ति यादव ने बताया कि, यह मेला स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ तथा डाइट पेंड्रा के निर्देशानुसार प्रत्येक प्राथमिक शाला में आयोजित किया जा रहा है। मेले की विशेषता यह होगी कि, इसमें बच्चे स्वयं स्टॉल प्रभारी की भूमिका निभाएंगे। वे निर्देश पढ़कर विभिन्न गतिविधियां करते हुए अवधारणाओं को समझेंगे। इस दौरान शिक्षक मार्गदर्शक और प्रबंधक की भूमिका में रहेंगे। प्रधान पाठक ने बताया कि, यह मेला बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। बच्चे खेल-खेल में गणना और भाषा की बुनियादी समझ विकसित करेंगे।

### हरदिहा पटेल समाज की बैठक संपन्न



**जरहागांव**। हरदिहा पटेल मरार समाज मनियारी केंद्र 28 गांव का चुनाव ग्राम पचबहरा में संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष कार्तिक पटेल, नर्मदा खपरी से उपाध्यक्ष सुखराम पटेल, भथरी से सचिव शिव पटेल, कोषाध्यक्ष अतुल पटेल एवं सह सचिव अजय पटेल निर्वाचित हुए। साथ ही मनीराम पटेल सेमरचुवा, समेलाल पटेल एवं मोडे से कन्हैया पटेल समाज के संरक्षक बनाए गए। इस बैठक में 28 गांव के डीवहार समिति के अध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिक जनक पटेल, राकेश पटेल, भुनेश्वर पटेल, संतोष पटेल मोडे, सोमनाथ पटेल, राजू पटेल, जोहन पटेल, रामचंद्र पटेल, रामू पटेल, खेलावन पटेल, लखन पटेल ठकुरिकपा, अजय पटेल, दुर्जन पटेल, बुधराम पटेल, रामदयाल पटेल, गौकरण पटेल, मलेश पटेल, चैतराम पटेल, गोविंद पटेल पचबहरा, रतिराम पटेल, दुर्गा पटेल आदि की मौजूदगी में उत्साह के साथ चुनाव संपन्न हुआ

---

### एसपी ने की जिले में अपराध की समीक्षा

# पेंडिंग केस पर एसपी सख्त, बोले-शीघ्र निबटाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एसपी भोजराम पटेल के द्वारा 10 नवम्बर को एसपी कार्यालय स्थित संवाद कक्ष में जिले की अपराध समीक्षा बैठक की गई। अपराध समीक्षा बैठक मे जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं सभी कार्यालय शाखा, थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि, महिला एवं गुम हुए बच्चों से संबंधित अपराध तथा हत्या, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों व चोरी, नकबजनी, झपटमारी जैसे संपत्ति संबंधी अपराध एवं पूर्व लंबित प्रकरणों तथा सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से प्राप्त सायबर फ्राड संबंधी शिकायत का शीघ्र-अतिशीघ्र विधिसम्मत कार्रवाई कर निराकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही थानों मे प्राप्त शिकायतों को 7 दिवस के भीतर एवं पूर्व में लंबित शिकायतों को 15 दिवस के भीतर



पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी।

निराकृत करने निर्देशित किया गया। थानों एवं मालखाने की साफ-सफाई, रिकार्ड दुरूस्त साथ ही जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियो को लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर निराकरण हेतु निर्देश दिया गया। जिले में गंभीर अपराधों के साथ ही साथ प्राथमिकता के तौर पर सामान्य अपराधों की पुलिस द्वारा त्वरित निराकरण करने व गुम हुए नाबालिग बच्चों की बरामदगी शीघ्र अतिशीघ्र कर 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत परजिनों की सकुशल सौंपने व विधिवत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान एसपी ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया कि, प्रत्येक थाना-चौकी के ग्रामों की बीट प्रणाली सूची बनाया गया है। इसमें प्रत्येक 4 ग्रामों में 1 पुलिसकर्मी होगा, जो स्मार्ट पुलिसिंग के तहत कार्य करते हुए पूरे 4 ग्रामों की रिकार्ड डाटा तैयार कर आम जनता से मानवीय पहल करते हुए लोगों के साथ जुड़ कर जागरूक करेगा। साथ ही सभी थाना-चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रे में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्कूल, कॉलेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों मे कार्यक्रम कर नशे के नुकसान, यातायात नियमों का पालन करने एवं सायबर फ्रॉड के बारे मे जानकारी देकर जागरूक करें।

एसपी ने नवीन अपराधिक कानून के तहत अभियोग पत्र पेश कर छत्तीसगढ़ मे नंबर 1 होने पर मुंगेली पुलिस को दी बधाई व अवैध कार्यो पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन अपराधिक कानून मे पुलिस द्वारा 60 दिवस भीतर मे 77.58 प्रतिशत व 90 दिवस के भीतर 82.14 प्रतिशत अभियोग पत्र चालान न्यायालय मे पेश करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक पथरिया, नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक संजय साहू नक्सल सेल यातायात, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल एवं जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालय शाखा प्रभारी उपस्थित रहें।



ठण्ड में ओपन जिम में वर्जिश करते बच्चे।

## ठंड ने दी दस्तक, लुढ़का पारा

**मुंगेली**। देर से ही सही नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दे दी एवं सुबह के साथ ही शाम को भी ठंड महसूस हो रही है। सीजन में पहली बार शनिवार को दिन में ठंड महसूस हुई। इससे पहले केवल रात में ठंड का अहसास हो रहा था।

मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया। बारिश का सीजन खत्म होने के बाद ठंड का अहसास नहीं हो रहा था, बादल जब छंटे तो ठंड का पहली बार अहसास हुआ। लगातार तीसरे दिन ठंड महसूस हुई। सुबह ठंड लगी फिर धूप खिली रही पर अन्य दिनों की तरह गर्मी महसूस नहीं हुई। दोपहर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री से ऊपर नहीं गया। शाम को आसपास के क्षेत्र में शाम 5 बजे हल्की ठंड महसूस हुई। रात में पारा जब और नीचे गया तो स्वेटर की जरूरत महसूस हुई। देर रात को तापमान और गिर गया जिससे ठंड और ज्यादा लगी। सुबह-सुबह मुंगेली करही मार्ग, रायपुर रोड एवं पंडरिया रोड पर मॉर्निंग वाक करने वालों की भीड़ नजर आने लगी है। कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए ओपन जिम में सुबह के समय बच्चे खेल-खेल में वर्जिश करते रहते है। विगत 20 वर्षों से हर मौसम में सुबह 4 बजे से उठकर मार्निंग वॉक करने वाले आशीष मिश्रा का मानना है कि, सुबह की ताजी हवा तन मन को स्वस्थ्य रखने में सहायक होती है।

## 38 गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार



दगोरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत 38 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार मेडिकल आफिसर डॉ सान्या तिवारी ने किया। इस दौरान उनकी खून की जांच के तहत ब्लड ग्रुप, एल्ब्यूमिन, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, वीडीआरएल, हीमोग्लोबिन, यूरिन के साथ ऊंचाई, वजन की जांच की गई। साथ ही टीटी के टीके लगवाने, प्रसव पूर्व चार जांच कराने, जरूरी दवा आयरन फोलिक एसिड कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा लेने तथा संस्थागत प्रसव कराने भी सलाह दी गई। इसके अलावा ताजा पौष्टिक भोजन लेने भी सलाह दी गई। इस अवसर सहयोग देने वालो में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, एमएलटी वरुण कौशल, स्टाफ नर्स सुषमा सन्नाड, खिलेश्वरी मिरी, आरएचओ सुमित्रा मसीह, उमा मनहर, रोहित कौशिक, रवीना सोनवानी, जितेंद्र बंधे, प्रह्लाद कौशिक, राजकुमार ध्रुव, नीतू ध्रुव, सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, दुलारी निर्मलकर, मितानिन संतोषी कौशिक, शीतला देवी सन्नाट, मीना कौशिक, रूपा निषाद, महेश्वरी ध्रुव, लछन घृतलहरे, अनिता यादव, धनेश्वरी टंडन, दुर्गा यादव इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गर्भवती माताएं एवं उनके आश्रितजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया विकासखंड के स्कूलों का निरीक्षण



**भर्रीडांड़**। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने मरवाही विखं के विभिन्न स्कूलों का सघन निरीक्षण कर अध्ययन-अध्यापन का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या, पदस्थ शिक्षकों की संख्या, उपस्थिति, शिक्षकीय गतिविधियों आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट लाना है। इसके लिए अगले तीन माह में लक्ष्य बनाकर अध्यापन कराएं तथा बच्चों का नाम मेरिट सूची में लाकर अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन करें। कलेक्टर ने शासकीय कन्या उमा विद्यालय निमधा, स्वामी आत्मानंद स्कूल सिवनी, शासकीय उमा विद्यालय परासी, शासकीय हाई स्कूल बरौर, शासकीय उमा विद्यालय सकोला और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोटमी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों की बैठक लेकर शाला में उनकी पदस्थापना तिथि, उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाला विषय और पिछले वर्ष की बोर्ड परीक्षा में 10वीं, 12वीं के रिजल्ट के प्रतिशत की जानकारी ली। कलेक्टर ने पिछली बोर्ड परीक्षा में जिले में परीक्षा परिणाम संतोषप्रद नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों से कहा कि, सिर्फ अपनी ड्यूटी करके खानापूर्ति नहीं करना है। अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें और समर्पण भाव से बच्चों को पढ़ाएं।

## बरेला नगर के स्कूलों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन




**जरहागांव**। नगर पंचायत बरेला में शासन के निर्देशानुसार अध्यक्ष नरेश पटेल व सीएमओ नरेश महिष के नेतृत्व में कार्यालय के साथ नगर के सभी विद्यालयों में स्कूली बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ 'वंदे मातरम' का गयान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकम के पश्चात आम नागरिकों से मुलाकात कर अध्यक्ष नरेश पटेल ने 'वंदे मातरम' के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, जब कोई बालक इसे गाता है, तो वह अपनी जड़ों से जुड़ता है। जब कोई शिक्षक इसे सुनाता है, तब वह संस्कृति का पाठ पढ़ाता है। अभियान की पहली कड़ी के रूप में 7 नवम्बर सुबह 10 बजे से अभी विद्यालयों में सामूहिक 'वंदे मातरम' गायन का किया गया, जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक, पार्षद एवं नागरिक शामिल हुए। सीएमओ नरेश महिष ने कहा कि, यह आयोजन देश की आजादी के दीवानों की उस अमर पुकार को फिर से जीवित करने का प्रयास है, जिसने हमें एकता और आत्मबल का मंत्र दिया था। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शेख जैनुल, पार्षद सुनीता विजय दीवान, संजय धुरी, बंटी सेमरिया, संजय निर्मलकर, नितेश पटेल, विजय दीवान, बबलू पटेल, जया रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, पिंटू धुरी, जगदीश साहू, भगेला धुरी, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, नगर पंचायत कर्मचारी कृष्ण नारायण ताम्रकार, विकास कौशिक, बलदेव सिंह, श्याम सुंदर ध्रुवंशी, मंगलू धुरी, सुरेंद्र सिंह, चक्रवर्ती पटेल सहित स्कूली बच्चों के साथ शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिले के स्कूलों की समस्याओं के निराकरण की मांग

## एबीवीपी ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पेंड्रा**। एबीवीपी पेंड्रा इकाई के कार्यकर्ताओं ने जिले की विभिन्न विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि, जिले के अनेक विद्यालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, भवन जर्जर हैं, फर्नीचर की कमी है। साथ ही कई विद्यालयों में शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने कहा कि, जिले के सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि, जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष समिति का गठन किया जाए, जो प्रत्येक विद्यालय का दौरा कर वहां की मूलभूत



आवश्यकताओं और कमियों की रिपोर्ट तैयार करे तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि, शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है, और इसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। बिसाहूदास उद्यानिकी महाविद्यालय के सह मंत्री हरीश बंजारे ने कहा कि, शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन को संवेदनशील होना चाहिए। निर्धारित समयावधि में प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर सह मंत्री आदित्य चतुर्वेदी, अमल साहू, हरिओम राठौर, योगेश साहू, तुषार सेन, श्रेयांश नामदेव, शौर्य जैसवाल, शौर्यम राठौर, आयुष साहू, रूपेश केसरी, रमाकांत वर्मा, श्रद्धा दुबे एवं आकांक्षा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला उत्पीड़न रोकथाम को लेकर बड़ी पहल

**मुंगेली**। महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निवारण एवं प्रतितिषेध अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी सरकारी, अर्धसरकारी, निजी संस्थानों, कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों, होटल, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों सहित समस्त संस्थाओं को आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक संस्था, संगठन, कार्यालय अथवा प्रतिष्ठान, जहां दस या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों के निवारण के लिए 'आंतरिक शिकायत समिति' का गठन अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि समिति का गठन नहीं करने पर अधिनियम की धारा 26 के तहत संस्था पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कार्यालयों एवं संस्थानों द्वारा अधिनियम के पालन की जानकारी सी-प्लान पोर्टल में दर्ज की जा रही है।

### जिले के आदिवासियों की समस्याओं से कराया अवगत

## राष्ट्रीय अजा आयोग अध्यक्ष आर्य से मिले अर्चना और शंकर

**पेंड्रा**। मरवाही की आदिवासी नेत्री अर्चना पोर्ते और पूर्व जिपं उपाध्यक्ष शंकर कंवर ने सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीपीएम जिले के आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं से अंतर सिंह आर्य को अवगत कराया।

अर्चना पोर्ते ने विशेष रूप से ग्राम कटरा के डफनीपानी में निवासरत विशेष पिछड़ी धनुहार जनजाति के लोगों की समस्याओं का उल्लेख किया, जिनमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पेयजल की कमी जैसी मूलभूत समस्याएं शामिल हैं। बैठक में उन्होंने आदिवासियों के विशेष अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन, पेसा कानून के लागू न होने, जमीन से संबंधित मामलों के वर्षों से लंबित रहने, तथा



शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दे भी विस्तार से रखे। अर्चना पोर्ते ने कहा कि, इन समस्याओं के कारण आदिवासी समाज गरीबी, कुपोषण और सामाजिक बहिष्कार जैसी कठिनाइयों का सामना कर रहा है, जिससे उनकी जीवन शैली और आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि, इन समस्याओं पर जल्द पहल की जाएगी। आयोग अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्य सचिव और आदिवासी विकास विभाग के सचिव को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही फोन पर भी बातचीत कर त्वरित समाधान के लिए कहा। उन्होंने यह भी बताया कि, आयोग की एक टीम शीघ्र ही जीपीएम जिले का दौरा करेगी, ताकि स्थानीय स्तर पर आदिवासी समाज की समस्याओं का प्रत्यक्ष निराकरण किया जा सके।

### मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि से वंचित न रहे कोई

# कलेक्टर ने वर्चुअल बैठक में की एसआईआर की समीक्षा

**मुंगेली**। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में मतदाता सूची से संबंधित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली। इस दौरान जिले के सभी आरओ, एआरओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ, सीईओ सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने अब तक हुई एसआईआर की प्रगति का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रत्येक निकाय के अद्यतन आंकड़े मांगे।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को इसे अत्यंत गंभीरता और जिम्मेदारी से संपादित करना होगा। उन्होंने कहा कि



अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेते कलेक्टर

मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब अस्वीकार्य है, उसे समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर कुमार ने समीक्षा के दौरान मुंगेली नगर पालिका, पथरिया नगर पंचायत, जरहागांव एवं बरेला नगर पंचायत की प्रगति को अपेक्षाकृत धीमी पाया। इस पर उन्होंने संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों मुंगेली सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, पथरिया सीएमओ अनुराधा राममनी, जरहागांव सीएमओ सुरेश गुप्ता और बरेला सीएमओ नरेश महीश को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणना पत्रक वितरण एवं फॉर्म प्रविष्टि के कार्य को प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि से वंचित न रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित फॉर्मेट में नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिससे समीक्षा और मूल्यांकन सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रगति की स्थिति का दैनिक मूल्यांकन किया जाएगा तथा जो भी अधिकारी लापरवाही करेंगे। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## पड़वानिया पहुंची मैकल परिक्रमा यात्रा

**गौरेला**। मैकल परिक्रमा अमरकंटक धाम यात्रा 5 नवंबर गणेश धुना से प्रारंभ हो कर सोमवार को गौरेला के पकरिया पहुंची। पदयात्रा में लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया हुए जिसमें, महिला, पुरुष एवं वृद्ध शामिल थे।

मां नर्मदा की पालकी यात्रा को कंधा लगाते हुए हर-हर नर्मदे, जय श्री राम के उद्घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। आचार्य प्रपन्नाचार्य एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया के संघ ने यात्रा का स्वागत यात्रियों को पानी पिलाकर फल एवं मिठाई खिलाकर किया। संतों का माल्यार्पण कर उन्हें गमछा भेंट किया गया। यात्रा आगे बढ़ती हुई ग्राम पंचायत पड़वानिया के संत आचार्य सीताराम महाराज के आश्रम पहुंची, जहां ग्राम वासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा सोमवार सुबह ठाड़पथरा स्थिति माई का मड़वा के लिए प्रस्थान करेगी।